YouTube AJJ KA MUDDA

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र

Website : www.aajkamudda.com
Email:muddaaajka@gmail.com

# आज का मुद्दा



नोएडा गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

नजर आपकी खबर आपकी

वर्ष : 15 अंक 45 | नोएडा गौतमबुद्धनगर, बुधवार 05 मार्च 2025 | RNI-No. UPHIN/2011/37197 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

## 'वनतारा' में मोदी के 7 घंटे, शावक को पिलाया दूध, चिम्पांजी, हाथी, जिराफ, डॉल्फिन के साथ बिताए पल





**जामनगर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते 1 मार्च से तीन दिन तक गुजरात दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने रविवार (2 मार्च) को जामनगर में रिलायंस द्वारा संचालित पशु बचाव एवं पुनर्वास केंद्र 'वनतारा' का उद्घाटन किया। इसके फोटो-वीडियो मंगलवार को सामने आए हैं। वनतारा के उद्घाटन के मौके पर रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी, पत्नी नीता अंबानी, बेटा अनंत अंबानी और बहू राधिका मर्चेंट भी मौजूद रहे। पीएम ने यहां सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक 7 घंटे बिताए। अनंत अंबानी का यह ड्रीम प्रोजेक्ट वन्यजीव बचाव, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र है। यह 2000 से अधिक प्रजातियों और 1.5 लाख से ज्यादा बचाए गए लुप्तप्राय और संकटग्रस्त जानवरों का घर है।



## माधबी बुच पर दर्ज नहीं होगी एफआईआर

### हाईकोर्ट की रोक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच समेत 6 अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज करने के स्पेशल कोर्ट के आदेश पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने आज यानी, मंगलवार (4 मार्च) को रोक लगा दी। बुच ने



स्पेशल कोर्ट के इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिस पर जस्टिस एसजी डिगे ने सुनवाई की। हाईकोर्ट ने कहा-शिकायतकर्ता ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है। सभी पक्षों को सुनने के बाद, ऐसा प्रतीत होता है कि न्यायाधीश ने डिटेल्स में जाए बिना और आवेदकों को उनकी भूमिका बताए बिना आदेश पारित कर दिया है। इसलिए, आदेश पर रोक लगा दी गई है। मुंबई के एक स्पेशल एंटी-करप्शन कोर्ट ने शनिवार (1 मार्च 2025) को शेयर फ्रॉड से जुड़े मामले में एफआईआर का आदेश दिया था।

## यूएसए का यूक्रेन को झटका, सभी सैन्य मदद रोकी

### अमरीकी प्रेसीडेंट बोले- जेलेंस्की शांति नहीं चाहते हैं



**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच बहस के 3 दिन बाद अमेरिका ने यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य मदद रोकने का ऐलान किया है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है। ऐसी मदद जो अमेरिका से अभी तक यूक्रेन नहीं पहुंची है, उसे भी रोक दिया गया है। इसमें पोलैंड तक पहुंच चुका सामान भी शामिल है।

## चंडीगढ़ में प्रदर्शन से पहले किसान नेता हिरासत में

### पंजाब सीएम से बहस हुई थी



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब सरकार संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं से मीटिंग के लिए तैयार हो गई है। सोमवार को चंडीगढ़ में पंजाब सीएम और किसानों के बीच बहस के बाद भगवंत मान बैठक छोड़कर चल गए थे। मंगलवार सुबह किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल समेत कई किसान नेताओं को हिरासत में लिया गया। इसके अलावा, किसान मजदूर मोर्चा के नेता दिलबाग सिंह गिल को घर में नजरबंद किया गया है। पुलिस संगरूर में भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) के अध्यक्ष जोगिंदर सिंह उगराहां के घर भी पहुंची, लेकिन वह नहीं मिले।

# कॉलेजों में अब रुकेगा जाति के आधार पर भेदभाव!

● यूजीसी ने तैयार किया ड्राफ्ट, आप भी दे सकते हैं सुझाव ● सुप्रीम कोर्ट ने कहा- मजबूत और प्रभावी तंत्र बनाना है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि यूनिवर्सिटी ग्रांड कमिशन (यूजीसी) ने एक मसौदा तैयार किया है, जिसमें उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव से संबंधित मुद्दों को शामिल किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह जाति के आधार पर भेदभाव और अन्य संबंधित समस्याओं को प्रभावी ढंग से सुलझाने के लिए एक मजबूत और प्रभावी तंत्र बनाना चाहता है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि यूजीसी ने कुछ चिंताओं को ध्यान में रखते हुए मसौदा नियम तैयार किए हैं। ये सुझावों के लिए प्रकाशित किए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता, हस्तक्षेपकर्ता या कोई अन्य इच्छुक व्यक्ति अपने सुझाव यूजीसी को भेज सकते हैं। उन्हें उचित रूप से विचार में लिया जाएगा।



### जवाब नहीं दिया तो रद्द हो सकती है मान्यता!

कोर्ट ने पहले जीसी को केंद्रीय, राज्य, निजी और डीम्ड विश्वविद्यालयों से 'समान अवसर प्रकोष्ठ' की स्थापना और शिकायतों के आंकड़े एकत्र करने को कहा था। सीनियर वकील इंदिरा जयसिंह ने बताया कि 40 प्रतिशत विश्वविद्यालयों और 80 प्रतिशत कॉलेजों ने अब तक कोई जवाब नहीं दिया। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि 'अगर कोई संस्थान जवाब नहीं देता, तो इसे यह समझा जाएगा कि उन्हें कोई आपत्ति नहीं है।' उन्होंने यह भी कहा कि अगर यूजीसी को पर्याप्त शक्तियां प्रदान की जाती हैं, जिसमें किसी संस्थान की संबद्धता रद्द करने की शक्ति भी शामिल हो, तो यह प्रभावी रूप से लागू किया जा सकता है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षण संस्थानों में आत्महत्या की घटनाओं पर चिंता जताई। शीर्ष अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई मई 2025 में तय की है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने 3 जनवरी को रोहित वेमुला और पायल तड़वी की मां की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान यूजीसी को निर्देश दिया था कि वह केंद्रीय, राज्य, निजी और मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों से जातीय भेदभाव से संबंधित मामले में शिकायत का डेटा एकत्र करे।

## ओवरलोड वाहनों की अवैध वसूली के खिलाफ ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने खोला मोर्चा



**नोएडा।** ट्रक ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने डीएम से की शिकायत की है। एसोसिएशन का आरोप है कि जिले में एआरटीओ उदित नारायण व पीटीओ राजेश मोहन व आदि के द्वारा कुछ दलालों की मदद से अवैध काम कर रहे हैं। उनका आरोप है कि टींकू चौधरी, गजराज, मोनू, विकास चौधरी और मूर्सिलीम खान व आदि की मदद से जिले में अवैध वसूली की जा रही है। जिसकी कुल राशि 10-12 हजार रुपये प्रति गाडी मांगी जाती है जो कि सुचिश्चित करती है वाहनों को ओवरलोड चलने के लिए। आरोप है कि यह धन्धा बहुत बड़े पैमानें पर किया जा रहा है जिसकी उघाई करोडों में होती है इस प्रकरण में सम्मलित खन्न विभाग के अधिकारी उत्कर्ष त्रिपाठी भी है। कुछ अधिकारीयों के कारण राजस्व को बहुत बड़ा नुकसान व सरकार की छवि को धूमिल कर रहा है। निम्न अधिकारीयों के निजी स्वास्थ के कारण राजस्व को बहुत बडा नुकसान पहुँचाया जा रहा है। ट्रक ट्रान्सपोर्ट एसोसिएशन पिछले एक वर्ष से इन अधिकारीयों के खिलाफ शिकायत कर रही है। लेकिन कुछ कार्यवाही न होने के कारण इन अधिकारीयों के हौसले बुलंद है। न ही इनको प्रशासन का डर है न ही शासन का डर है। ट्रक ट्रान्सपोर्ट एसोसिएशन निवेदन करती है कि इन सभी सम्बन्धित अधिकारीयों के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही करें अन्यथा ट्रक ट्रान्सपोर्ट एसोसिएशन जिला गौतमबुद्ध नगर में अधिकारीयों के खिलाफ बडे स्तर आंदोलन व मोर्चा खोलेगी।

# भ्रष्ट अफसरों के आगे झुकेंगे नहीं : मुख्यमंत्री

**एस.ए.एस. नगर (जीरकपुर), रवि कुमार**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने प्रदर्शनकारी तहसीलदारों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए आज साफ तौर पर कहा कि राज्य सरकार भ्रष्ट अफसरों के आगे नहीं झुकेगी जो वसूली के आरोपों में पुलिस कार्रवाई का सामना कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने आज खरड़, बनूड़ और जीरकपुर के तहसील कार्यालयों में रजिस्ट्रियों का काम शुरू करवाने के लिए इन तहसीलों का तूफानी दौरा किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व अधिकारी अपने भ्रष्ट अफसरों के खिलाफ विजिलेंस की कार्रवाई के कारण सामूहिक छुट्टी पर चले गए हैं। उन्होंने कहा, "आप सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के प्रति कोई रियायत न बरतने की नीति पर पहरा दिया जा रहा है पर इस बात का दुख है कि सामूहिक छुट्टी पर गए ये अधिकारी भ्रष्टाचार के लिए लाइसेंस मांग रहे हैं। हम सरकार की बांह मरोड़ने की ऐसी चालों के आगे नहीं झुकेंगे और इन भ्रष्ट और घमंडी अफसरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।"

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व अधिकारियों द्वारा सरकार पर दबाव बनाने के ऐसे हथकंडों को किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा और इनके खिलाफ उदाहरणीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आने वाले दिनों में नए तहसीलदार और राजस्व अधिकारी भर्ती करेगी जिसके लिए कैबिनेट में एजेंडा लाया जाएगा।

भगवंत सिंह मान ने साफ तौर पर कहा, "यह अधिकारी आम लोगों को हर रोज परेशान करते हैं पर इसे और बर्दाश्त नहीं किया जा सकता और सरकार इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी।"

मुख्यमंत्री ने कहा कि सामूहिक छुट्टी पर गए इन अफसरों को एक बात समझ लेनी चाहिए कि छुट्टी के बाद उन्हें कब और कहां जॉइन करना है, इसका फैसला अब लोग करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के पास ऐसी चालों से निपटने के लिए प्लान-बी तैयार है और अगर जरूरत पड़ी तो सरकार तहसीलदारों की शक्तियां शिक्षकों और प्रोफेसरों को देने से भी पीछे नहीं हटेगी ताकि रजिस्ट्रियों का कामकाज निर्बाध जारी रखा जा सके। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार हर कीमत पर आम लोगों के हित सुरक्षित रखने के लिए पूरी तरह से वचनबद्ध है और हमारी शराफत को कोई कमजोरी समझने की हिम्मत न करे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व अधिकारियों की सामूहिक छुट्टी के कारण आम लोगों को होने वाली परेशानियों से बचाने के लिए पी.सी.एस. अधिकारी, कानूनगो और सीनियर सहायक (जो नायब तहसीलदार की तरक्की के लिए सभी विभागीय परीक्षाएं पास कर चुके हैं) को तहसीलों का काम जारी रखने के लिए सब-रजिस्ट्रार



नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में ताकत लोगों के हाथ होती है और उनकी सरकार किसी को भी, चाहे वह कितना भी रसूखदार क्यों न हो, को लोगों के लिए परेशानियां खड़ी नहीं करने देगी। भगवंत सिंह मान ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि तहसीलों में काम नहीं रुकेगा और जमीन-जायदाद की रजिस्ट्रियों का काम बेरोक जारी रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये अफसर राज्य सरकार से मोटी तनख्वाहें ले रहे हैं पर लोगों को सेवाएं नहीं दे रहे। उन्होंने कहा कि इसे सहन नहीं किया जा सकता क्योंकि लोकतंत्र में लोग सबसे ऊपर हैं और अधिकारी उनके प्रति जवाबदेह हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि अगर ये अधिकारी सामूहिक छुट्टी पर जाना चाहते हैं और काम नहीं करना चाहते तो राज्य सरकार के पास बहुत सारे बेरोजगार नौजवान हैं जो पहले ही उनकी जगह काम करने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले 10 दिनों के लिए वे काम को सुचारू बनाने के लिए राज्य भर की विभिन्न तहसीलों का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि तहसीलदार अपने भ्रष्ट तरीकों से कई पीढ़ियों से लोगों को परेशान कर रहे हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह पूरी तरह से अनुचित और अवांछनीय है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इन अधिकारियों को मनमानी नहीं करने देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न किसान यूनियनों के बीच 'क्रेडिट वॉर' चल रहा है जो समानांतर सरकार चलाकर अराजकता फैलाने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने फिर कहा कि सरकार समाज के विभिन्न वर्गों से संबंधित मुद्दों को बातचीत के माध्यम से हल करने के लिए हमेशा तैयार है। हालांकि, भगवंत सिंह मान ने कहा कि रेलों या सड़कों को रोककर आम लोगों को परेशानी में डालने से बचना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी कार्रवाई आम लोगों को परेशानी में डाल देती है जिससे वे आंदोलनकारियों के खिलाफ हो जाते हैं जिससे समाज में फूट पड़ती है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि दुर्भाग्य से आम लोगों को ऐसे विरोध प्रदर्शनों के कारण बहुत नुकसान झेलना पड़ता है जो कि पूरी तरह से अनुचित है। उन्होंने कहा कि भले ही प्रदर्शन करना किसानों का लोकतांत्रिक अधिकार है लेकिन उन्हें यह भी सोचना चाहिए कि इस कार्रवाई से राज्य को बड़ा नुकसान हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने नशे के खात्मे के लिए मजबूत रणनीति बनाई है। उन्होंने कहा कि नशे की सप्लाई लाइन तोड़ दी गई है और बड़ी मछलियों को सलाखों के पीछे डाल दिया गया है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस अभिशाप के खिलाफ युद्ध जारी है और इस घिनौने अपराध में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

मुख्यमंत्री ने लुधियाना जिले के नारंगवाल गांव का उदाहरण दिया जहां पिछले हफ्ते नशा तस्कर की अवैध संपत्ति को ध्वस्त कर दिया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशा तस्करों की संपत्तियों को जब्त/ध्वस्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नशों के प्रति कोई रियायत न बरतने की नीति अपनाई हुई है और इस अभिशाप को जड़ से उखाड़ने के लिए निर्णायक युद्ध शुरू किया गया है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि नशों के खिलाफ युद्ध को जन आंदोलन में बदला जा रहा है ताकि पंजाब को पूरी तरह से नशा मुक्त बनाया जा सके।

खेल में सियासत | रेट तय...कन्वर्जन पर 20 हजार रुपए, शादी पर 15 हजार का बोनस

# अब यूपी के गांवों में ऐक्टिव हुआ मुस्लिम धर्मांतरण गैंग

● मिशनरियों के स्तर पर चल रहा खेल, गांवों तक प्रचारकों की नियुक्ति ● सुरक्षा एजेंसियों ने कड़ी कर दी है निगरानी, सामने आया पूरा मामला

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में बड़े स्तर पर धर्मांतरण की कोशिशें चल रही हैं। इसको लेकर कई गैंग मिशन मोड में काम कर रहे हैं। इस बीच धर्मांतरण कराने वालों का रेट कार्ड भी सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक, पूरे परिवार का धर्मांतरण कराने वाले एजेंट को 20 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की व्यवस्था की गई है। वहीं, युवती का धर्म बदल कर शादी कराने की स्थिति में 15 हजर रुपये अतिरिक्त बोनस का प्रावधान किया गया है।

मिशनरियों के धर्मांतरण के इस खेल में चर्चित स्कूल से लेकर प्रतिष्ठित संस्थान तक शामिल हैं। ये हवाला एजेंट की तर्ज पर मिशनरियों को बड़ी मात्रा में धनराशि उपलब्ध करा रहे हैं। पैसे की कमी नहीं होने से ग्रामीण स्तर तक धर्मांतरण गैंग का जाल फैल गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार,



धर्मांतरण एजेंट प्रचारक के तौर पर अपनी गतिविधियों को अंजाम देने में जुटे हुए हैं। धर्मांतरण गैंग के प्रचारक बनकर गांव-गांव तैनात किए गए हैं। ये जरूरतमंदों को टारगेट करते हैं। उनके निशाने पर पैसे की तंगी से जूझ रहे और बीमार लोग होते हैं। ऐसे लोगों को प्रार्थना सभाओं में लाने का जिम्मा प्रचारकों का होता है।

मिशनरियों की ओर से हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए प्रचारकों की नियुक्ति की गई है। ऐसे में प्रचारक अपने वर्ग के लोगों को समझाने और धर्म परिवर्तन के लिए राजी करने में कामयाब होते हैं। इस पूरे अभियान को प्रचारक, पास्टर और पदारी के माध्यम चलाया जा रहा है। सुरक्षा एजेंसियों का दावा है कि धर्मांतरण गैंग को कुछ चर्चों से भी पैसे मिलने की जानकारी सामने आई है।

### श्रावस्ती में सामने आया मामला

श्रावस्ती में धर्मांतरण के प्रयास का मामला सामने आया है। इसमें पंजाब मॉडल की बात सामने आ रही है। इकौना इलाके में रविवार को धर्मांतरण मामले में हरीश सिंह का नाम आया। उसने पांच साल पहले ही पंजाब में धर्म परिवर्तन कर लिया था। गांव लौटने के बाद झोपड़ी में प्रार्थना सभा आयोजित करने लगा। सुरक्षा एजेंसियों की दबिश के बाद वह गायब हो गया। एसपी घनश्याम चौरसिया ने इस मामले में सीओ के नेतृत्व में टीम का गठन किया है। नेपाल सीमा से सटे इलाकों में इस प्रकार के गिरोह के सक्रिय होने की बात सामने आई है।

# भाषा विवाद : सांझी विरासत को आग मत लगाओ!



डॉ सत्यवान सौरभ

**एक सुनियोजित परिसीमन प्रक्रिया जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं को संघवाद की अखंडता से जोड़ सकती है। क्षेत्रीय असमानताओं से बचने के लिए, हमें दोहरे प्रतिनिधित्व मॉडल, भारित मतदान या राज्यसभा की शक्तियों को बढ़ाने जैसी नवीन रणनीतियों पर विचार करना चाहिए। राजकोषीय संघवाद और संस्थागत ढांचे को मजबूत करके, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि राजनीतिक निष्पक्षता जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के साथ संरेखित हो, जिससे एक सुसंगत और एकजुट भारत को बढ़ावा मिले।**



**आज का मुद्दा**

बहुत ही दुःख का विषय है कि आज संस्कृत और संस्कृतनिष्ठ हिंदी को लेकर दक्षिण के तमिलनाडु से एक बार फिर विरोधी स्वर उठते हुए दिखाई दे रहे हैं। वहां के मुख्यमंत्री एम०के० स्टालिन इस विवाद के अगवा बने हैं। सृष्टि उत्पत्ति के संदर्भ में सभी विद्वान इस बात पर सहमत हैं कि सबसे पहले एक ध्वनि बनी थी, जो संपूर्ण ब्रह्मांड में बहुत देर तक सुनाई देती रही । वास्तव में यह ओ३म की ध्वनि थी। आज भी हम जब कोई नया कार्य करते हैं तो उसके शुभारंभ पर शंख के माध्यम से ओ३म की ध्वनि गुंजित की जाती है। इस ओ३म को ही प्राणाधार और सवाधार कहा जाता है। इसलिए ओ३म से ही संस्कृत भाषा की उत्पत्ति हुई। परमपिता परमेश्वर ने वेद का निर्मल ज्ञान अग्नि, वायु, आदित्य और अंगिरा नाम के चार ऋषियों के अंतःकरण में प्रकट किया। अतः संसार की सबसे पहली भाषा संस्कृत है। उसी से भारतवर्ष की और सारे संसार की भाषाएं उत्पन्न हुईं। ओ३म की ध्वनि के गुंजन के समय जो ईक्षण हुआ, उसी से सृष्टि का निर्माण हुआ। इसी ईक्षण को शिव का तांडव नृत्य कहा जाता है। पुराणों में ऐसा वर्णन कर दिया गया है कि शिव ( अर्थात जगत का कल्याण करने वाला परमपिता परमेश्वर ) के डमरू से ही संस्कृत और तमिल भाषा की उत्पत्ति हुई है। बिना किसी विवाद के और बिना किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाए हम इस बात पर सहमति बनाएं कि संस्कृत संसार की सबसे पहली भाषा है। यद्यपि इस विषय पर संसार के सभी भाषाविद सहमत हैं कि संस्कृत ही संसार की सबसे पहली भाषा है। इसके उपरांत भी भारतवर्ष में भारतीयों को ही लड़ाने के लिए कुछ मिथक गढ़े गए। जिनमें से एक आर्य और द्रविड़ के संघर्ष का मिथक सबसे घातक रहा है। वास्तव में यह बात पूर्णतया प्रमाणिक है कि आर्य और द्रविडों का कभी कोई संघर्ष नहीं हुआ और यह भी सत्य है कि आर्य विदेशी नहीं थे, ना ही उन्होंने उत्तर से किसी कथित द्रविड़ जाति को भगाने का काम किया था। परंतु विदेशियों ने हमारे भीतर इस मिथक को एक सच्चाई के रूप में स्थापित कर दिया है। इसी मिथक ने भारतवर्ष में संस्कृत बनाम तमिल के विवाद को जन्म दिया है। जिसका विवाद बार-बार उठता है। संस्कृत में भारत के अतीत के अनेक गौरवपूर्ण पृष्ठों को स्वर्णिम अक्षरों में उकेरने का काम किया है। इसने संसार को समृद्धतम साहित्य प्रदान किया है। सांस्कृतिक मूल्य प्रदान किए हैं । यहां तक कि संपूर्ण मानव जाति का संविधान अर्थात वेद भी संस्कृत ने ही प्रदान किया है। इसी संस्कृत ने संसार के सभी देशों के लिए मनुस्मृति प्रदान कर भारी पुण्य का कार्य किया है। संस्कृत ही दर्शनों की भाषा है। संस्कृत ही रामायण और महाभारत की भाषा है। संस्कृत ही उपनिषदों की भाषा है। जिससे मानव जाति उन्नति और सद्गति को प्राप्त होती है।

इसने युग युगों में भारत का ही नहीं, मानव जाति का भी बौद्धिक नेतृत्व किया है। उसकी आत्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त किया है। ऐसे में संस्कृत पर भारत के लोगों को ही नहीं अपितु मानव मात्र को गर्व करने का पूर्ण अधिकार है।

तमिलनाडु सहित संपूर्ण दक्षिण भारत के लोग भारत की मनीषा के मानस पुत्र हैं। उनके साथ




हमारा रक्त का संबंध है। युग युगों से उन्होंने भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखने में अपना अप्रतिम योगदान दिया है। भारत को एक राष्ट्र बनाए रखने में उनका योगदान बहुत महत्वपूर्ण है। जो लोग भारत को एक राष्ट्र के रूप में नहीं देखते अर्थात जो भारत की राष्ट्रीयता के शत्रु हैं ,उन्होंने दक्षिण के लोगों के भीतर यह भ्रांति उत्पन्न करने का प्रयास किया है कि वे अलग हैं और उत्तर भारत के लोग अलग हैं। इस कुत्सित प्रयास का परिणाम यह निकला है कि हम कई बार अनावश्यक मुद्दों पर लड़ने लगते हैं। यद्यपि हम यह भली प्रकार जानते हैं कि हमारी लड़ाई का सबसे अधिक कष्ट हमारी भारत माता को होता है।

आज दक्षिण में स्टालिन जिस प्रकार लोगों की भाषाई भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने का काम कर रहे हैं, वह किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं कहा जा सकता। भारत के संविधान में तमिल भाषा को सम्मान पूर्ण स्थान दिया गया है। जिसका संपूर्ण उत्तर भारत के लोग भी सम्मान करते हैं। उनके लिए तमिल सम्मान और श्रद्धा के योग्य है तो तमिल लोगों के लिए संस्कृत या हिंदी सम्मान की पात्र क्यों नहीं हो सकती ? स्टालिन को इस समय स्वार्थ प्रेरित राजनीति से ऊपर उठने की आवश्यकता है। हमारे सामने सनातन को बचाए रखने का सामूहिक लक्ष्य है। आज के संदर्भ में सनातन को मजबूत करना और बचाने के प्रति समर्पित रहना हमारा सांझा लक्ष्य हो सकता है। यही हमारा कॉमन मिनिमम प्रोग्राम हो सकता है। हमारे लिए एजेंडा निश्चित है तो झंडा को लेकर तकरार नहीं होनी चाहिए ? हमें ध्यान रखना चाहिए कि सनातन के विरोध में खड़ी शक्तियां हमारे इसी प्रकार के विवादों को हवा देने का प्रयास करती रही हैं और आज भी कर रही हैं । हमारा परस्पर लड़ना उनके लिए लाभ का सौदा होता है। यही कारण है कि वह भाषा , क्षेत्र , प्रांत आदि की हमारी विविधताओं को हवा देने का काम करती रहती हैं।

अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए ये भारत विरोधी शक्तियां भारत में देव और असुर की मनमानी व्याख्या करती हैं। आर्य और द्रविड़ में हमारा विभाजन करती हैं। तमिल भाषा को उत्तर भारत वालों के लिए अमान्य घोषित करने के प्रयास करती हैं और इसी प्रकार दक्षिण भारत के लोगों को हिंदी और संस्कृत के विरुद्ध उठने का आवाहन करती हैं। आज आवश्यकता है कि हम अपने इतिहास की न्यायपरक व्याख्या करें। बुद्धि संगत, तर्कसंगत और न्याय प्रेरित अपने इतिहास को पढ़ें। हम विचार करें कि रामचंद्र जी ने दक्षिण भारत सहित श्रीलंका के भी लोगों से कोई विरोध व्यक्त नहीं किया था। उनका नरसंहार नहीं किया था। उन पर किसी प्रकार से भी वह कुपित नहीं हुए थे। उन्होंने अन्याय और अत्याचार के प्रतीक रावण का विरोध किया था। हम न्यायशील रामजी की संतान हैं, हम उत्तर और दक्षिण भारत की संतान नहीं हैं। हमारा इतिहास सांझा है। हमारी परंपराएं सांझी हैं। हमारे ग्रंथ सांझे हैं। हमारी मान्यताएं सांझी हैं । हमारा धर्म, हमारी संस्कृति, हमारा देश, हमारा राष्ट्र सभी कुछ तो सांझा है। इसलिए आवश्यकता है कि इस सांझी विरासत को भाषा के नाम पर आग न लगाई जाए ?

**डॉ राकेश कुमार आर्य**
**( लेखक सुप्रसिद्ध इतिहासकार और भारत को समझो अभियान समिति के राष्ट्रीय प्रणेता हैं)**

## संपादकीय

### सांच को आंच नहीं

शेयर धोखाधड़ी के मामले में पूर्व सेबी प्रमुख माधबी बुच के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने का आदेश विशेष अदालत ने दिया है। अदालत ने इसे प्रथम दृष्टि नियामक चूक व मिलीभगत का सबूत माना और निष्पक्ष जांच की आवश्यकता बताई। याचिका में बुच के अतिरिक्त पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में कंपनी लिस्टिंग में अनियमितताओं का दावा किया गया है। नियामक प्राधीकरणों, खासकर सेबी की मिलीभगत से कंपनी को स्टॉक एक्सचेंज में धोखाधड़ी से सूचीबद्ध करने को कॉरपोरेट धोखाधड़ी बताया है। सेबी की पहली महिला प्रमुख बुच को अमेरिका स्थित शॉर्ट-सेलर हिंडेऩबर्ग द्वारा हितों के टकराव के आरोप लगाए गए थे। बुच दंपति पर फंड़ संरचनाओं का हिस्सा रही संस्थाओं में निवेश का भी आरोप है, जिसमें अड़ानी समूह द्वारा भी निवेश किया गया था। बुच का कहना था, यह निवेश उनके नियामक में शामिल होने से पहले किया गया था। हालांकि सेबी ने इस आदेश को चुनौती देने के लिए उचित कदम उठाने की बात की है। साथ ही बुच का समर्थन करते हुए याचिकाकर्ता को तुच्छ व आदतन मुकदमाकर्ता ठहराया। इस दरम्यान स्वयं हिंड़नबर्ग अपना कारोबार बंद करने की घोषणा भी कर चुकी है। बुच द्वारा तमाम सराहनीय सकारात्मक कदम उठाये जाने के बावजूद उनके तीन साल के कार्यकाल के दरम्यान कर्मचारियों में जबरदस्त रोष भी नजर आया। खुदरा निवेशकों को बाजार की तरफ आकर्षित करने में सफल रही बुच ने निवेश सलाहकारों के लिए नियमों को आसान बनाने व राइट्स इश्यू को तेजी देने सरीखा काम कर दिखाया। इसके बावजूद उन पर लगे आरोपों की अनदेखी नहीं की जा सकती। विपक्षी दलों के भारी विरोध के बावजूद सरकार ने न सिर्फ पक्षपाती रवैया बनाये रखा बल्कि चिकने घड़े. की तरह आरोपों को झाड़ती रही। यूं भी मोदी सरकार का काम करने का रवैया ऐसा है, जो अपने चहेते अधिकारियों के बचाव को लेकर अड़ियलपन दिखाने में कोई लिहाज नहीं करती। बेशक सरकार को जांच का आश्वासन देते हुए नियामक प्राधीकरणों की गरिमा बनाए रखने के प्रति गंभीर नजर चाहिए। अदालती कार्रवाई का सामना करके बुच को अपना पक्ष रखना चाहिए। सफलताओं के झंडे.गाड़ऩे के बावजूद सेबी जैसे सम्मानित नियामक पर एक शख्स की वजह से बिला-वजह पड़ऩे वाले छींटों से बचाने के प्रति सरकार पहले ही प्रतिबद्धता दर्शा सकती थी।



## चिंतन-मनन

### विवेक ही धर्म है

युग के आदि में मनुष्य भी जंगली था। जब से मनुष्य ने विकास करना शुरू किया, उसकी आवश्यकताएं बढ़ गई। आवश्यकताओं की पूर्ति न होने से समस्या ने जन्म लिया।समस्या सामने आई तब समाधान की बात सोची गई। समाधान के स्तर दो थे- पदार्थ-जगत, मनो-जगत. प्रथम स्तर पर पदार्थ के सुनियोजित उत्पादन और उनकी व्यवस्था को आकार मिला। दूसरा स्तर मानसिक था। इस जगत की समस्याएं थी अपरिमार्जित वृत्तियां, असंतुलन और तनाव। इन समस्याओं को समाहित करने के लिए धर्म की खोज हुई। धर्म का अर्थ है पारंपरिक मूल्य-मानकों से परे हटकर मनुष्य को सत्य की दिशा में अग्रसर करना। जब तक धर्म अपने इस परिवेश में रहता है, तब तक वह रूढ़ नहीं हो सकता। पर उद्देश्य की विस्मृति के साथ ही उसमें रूढ़ता आ जाती ह। रूढ़ धर्म को व्यक्ति अपने जीवंत संदभरे से काटकर परलोक के साथ जोड़ देता है।

बस यहीं से धर्म में विकृति का प्रवेश होने लगता है। मैं ऐसा सोचता हूं कि धर्म का संबंध हमारी हर सांस से होना चाहिए। ऐसा वे ही व्यक्ति कर सकते हैं जो अपने जीवन की सतह पर दौड़-धूप कर रहे हैं। या फिर यह उन लोगों का काम है जो जीवन की गहराइयों में उतरकर अध्यात्म के प्रति समर्पित हो जाते हैं।

जीवन की सतह पर जीने वाले व्यक्ति धर्म की गहराई में नहीं उतर सकते, किंतु अध्यात्म के प्रयोक्ता की दृष्टि से वह गहराई छिपी नहीं रह सकती। जो व्यक्ति उतनी गहराई में उतरे, उन्हें धर्म की विकृतियों का बोध हुआ। जो धर्म मन को समाधान देने वाला था, वह स्वयं समस्या बनकर उभर गया। इस दृष्टि से उसमें संशोधन व परिवर्तन की अपेक्षा अनुभव हुई। अणुव्रत उसी आवश्यकता का आविष्कार है। यदि धर्म एक समस्या बनकर सामने नहीं आता तो उसे अणुव्रत के रूप में प्रस्तुति देने का कोई अर्थ ही नहीं था। अणुव्रत धर्म के साथ विवेक की अपरिहार्यता पर बल देता है। आगम की भाषा में विवेक ही धर्म है।

## दोस्त तो चुन सकते हैं पर पड़ोसी नहीं: भारत-पाक के बीच बातचीत चलती रहना चाहिए



एल.एस. हरदेनिया

आप अपना दोस्त चुन सकते हैं परन्तु पड़ोसी तो स्वभाविक ही होता है। अटल बिहारी वाजपेयी के इन शब्दों को याद करते हुए दिल्ली में एक महत्वपूर्ण बातचीत हुई। इस बातचीत में भारत और पाकिस्तान के अनेक प्रमुख व्यक्तियों ने भाग लिया। जिन लोगों ने इस बातचीत में भाग लिया उनमें पूर्व केन्द्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर, पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला और अनेक प्रमुख व्यक्ति शामिल थे।

इन सब प्रमुख व्यक्तियों ने इस बात पर जोर दिया कि भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत फिर से शुरू की जाए। इस अवसर पर एक महत्वपूर्ण किताब का विमोचन भी किया गया। किताब का शीर्षक था 'शांति की खोज और भारत और पाकिस्तान के रिश्ते'। इस किताब में 52 लेख शामिल हैं, जो दोनों देशों के अनेक विद्वानों ने लिखे हैं। इन विद्वानों में कूटनीतिज्ञ, राजनीतिज्ञ, नेता और चिंतक शामिल हैं। इन सारे



लेखों में इस बात पर जोर दिया गया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत चलती रहनी चाहिए। इस किताब का विमोचन पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने किया।

अपने भाषण में अंसारी ने कहा कि ये दोनों देश भारत और पाकिस्तान, एक तरह के एक्सीडेंट से बने हैं। ये ऐसे देश नहीं हैं जिनका कोई लंबा इतिहास हो। ये सिर्फ दुर्घटनावश बने थे।

अंसारी के बाद अनेक नेताओं ने अपने विचार प्रकट किए। सबने इस बात पर जोर दिया कि हर हालत में भारत और पाकिस्तान के बीच में बातचीत चलती रहनी चाहिए। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि सबसे बड़ी जरूरत यह है कि हम एक-दूसरे से घृणा करना बंद कर दें। हम एक थे और अब एक नहीं हैं। हमें घृणा ने विभाजित कर दिया, घृणा ने ही हमें भारत और पाकिस्तान बना दिया। फारूक अब्दुल्ला ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के विचार को उद्धृत करते हुए कहा कि 'हम दोस्त चुन सकते हैं पर पड़ोसी नहीं।'

पाकिस्तान के पूर्व विदेश सचिव जलील अब्बास जिलानी ने कहा कि हमें ऐसी आवाजें सुनना चाहिए जो शान्ति की हों और जो दोस्ती की हों। जिलानी पाकिस्तान के विदेश सचिव तो रहे ही वे कुछ समय के लिए वहां के विदेश मंत्री भी रहे। उन्होंने उन मुद्दों का उल्लेख किया जो भारत और पाकिस्तान की दोस्ती के रोड़े हैं। उन्होंने भी वाजपेयी जी के वर्ष 2003 में दिए गए एक भाषण का उल्लेख किया। वाजपेयी जी ने कहा था कि 'भारत और पाकिस्तान की दोस्ती इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत पर आधारित है।'

पाकिस्तान के पूर्व सूचना मंत्री जावेद जब्बार ने भी इस बात पर जोर दिया कि भले ही बंदूकें चलती रहें, तोपों से गोले बरसते रहें परन्तु बातचीत होती रहना चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार इम्तियाज आलम ने कहा कि सार्क देशों के बीच बातचीत फिर से चालू होनी चाहिए। ये बातचीत किसी ऐसे देश में होनी चाहिए जिनके भारत और पाकिस्तान से दोस्ताना संबंध हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने अभी हाल में पाकिस्तान अपनी क्रिकेट टीम भेजने ने इंकार कर दिया था। यह एक दुखद घटना है। बाद में दोनों देशों की टीमें दुबई में खेलीं। ऐसा नहीं होना चाहिए। कुल मिलाकर इन दोनों देशों के नेताओं, चिंतकों की यह बातचीत दोनों देशों की दोस्ती में मील का पत्थर साबित होगी।

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## आधी आबादी: तेजी से बढ़ रही कैंसर मृत्यु दर



नृपेन्द्र अभिषेक नृप

कैंसर आज भारत सहित पूरी दुनिया में एक गंभीर स्वास्थ्य संकट बन चुका है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा किए गए हालिया विश्लेषण में यह खुलासा हुआ है कि भारत में कैंसर से होने वाली मौतों की दर चिंताजनक रूप से बढ़ रही है, विशेष रूप से महिलाओं में यह दर पुरु षों की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ी है। ग्लोबोकैन 2022 के आंकड़ों के अनुसार, महिलाओं में कैंसर से मृत्यु दर में 1.2 फीसद से 4.4 फीसद तक वार्षिक वृद्धि हुई है, जबकि पुरु षों में यह वृद्धि 1.2 फीसद से 2.4 फीसद तक रही है।

ये आंकड़े न केवल एक स्वास्थ्य आपातकाल की ओर संकेत कर रहे हैं, बल्कि सामाजिक और चिकित्सा व्यवस्था की कमियों को भी उजागर करते हैं। महिलाओं में कैंसर से बढ़ती मृत्यु दर एक जटिल समस्या है, जो केवल जैविक या चिकित्सीय कारणों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सामाजिक, आर्थिक, जागरूकता और स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच की भी बड़ी भूमिका है। भारत में हर पांच में से तीन लोग कैंसर के निदान के बाद अपनी जान गंवा देते हैं। यह आंकड़ा इस बात की पुष्टि करता है कि कैंसर न केवल एक गंभीर रोग है, बल्कि भारत में इसका



उपचार भी उतना प्रभावी नहीं हो पा रहा है। खासकर महिलाओं में यह स्थिति अधिक गंभीर होती जा रही है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में महिलाएं अक्सर अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता नहीं देतीं। परिवार की जिम्मेदारियां, सामाजिक दबाव, और आर्थिक निर्भरता उन्हें समय पर जांच और इलाज कराने से रोकते हैं। कई बार कैंसर के शुरू आती लक्षणों को नजरअंदाज कर दिया जाता है, जिससे बीमारी तब पकड़ी जाती है जब यह अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी होती है। महिलाओं में कैंसर की बढ़ती दर के पीछे कई महत्त्वपूर्ण कारण हैं। सबसे पहले, जागरूकता की भारी कमी एक प्रमुख कारण है। स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर जो भारत में महिलाओं में सबसे आम हैं, यदि प्रारंभिक अवस्था में पकड़ लिए जाएं, तो इनका इलाज संभव है, लेकिन दुर्भाग्यवश महिलाओं में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की आदत नहीं होती। आधुनिक जीवनशैली में शारीरिक गतिविधियों की कमी, असंतुलित आहार, धूम्रपान, शराब का सेवन, और अत्यधिक तनाव महिलाओं के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं। पहले के समय में महिलाएं अधिक शारीरिक श्रम करती थीं और उनका खान-पान भी पारंपरिक और पोषक तत्वों से भरपूर होता था, लेकिन आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में यह सब धीरे-धीरे गायब होता जा रहा है। पैक्ड और प्रोसेस्ड फूड का बढ़ता सेवन, व्यायाम की कमी, और मानसिक तनाव ने महिलाओं में कैंसर के खतरे को कई गुना बढ़ा दिया है। एक और महत्त्वपूर्ण पहलू यह है कि महिलाओं में कैंसर के कई मामले अनुवांशिक और हार्मोनल असंतुलन से भी जुड़े होते हैं। स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर और अंडाशय (ओवेरियन) कैंसर मुख्य रूप से हार्मोनल परिवर्तन और अनुवांशिक प्रवृत्तियों के कारण होते हैं। महिलाओं में सबसे अधिक पाए जाने वाले कैंसर में स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, अंडाशय (ओवेरियन) कैंसर और कोलोरेक्टल कैंसर शामिल हैं। ये पांच कैंसर भारत में महिलाओं की कैंसर मृत्यु दर का 44 फीसद हिस्सा बनाते हैं। स्तन कैंसर सबसे आम है और इसकी मृत्यु दर भी अधिक है, क्योंकि यह देर से पहचाना जाता है। इस गंभीर समस्या का समाधान केवल चिकित्सा उपचार तक सीमित नहीं हो सकता। इसके लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है, जिससे महिलाओं को समय पर जांच और इलाज कराने के लिए प्रेरित किया जा सके। महिलाओं को स्वयं अपनी सेहत को प्राथमिकता देने की मानसिकता विकसित करनी होगी। साथ ही, सरकार को भी इस दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बढ़ाने के लिए मोबाइल हेल्थ वैन, निःशुल्क कैंसर जांच शिविर, और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता है।

भारत में कैंसर की रोकथाम और इलाज को प्रभावी बनाने के लिए सरकार को स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करना होगा। सरकारी अस्पतालों में अत्याधुनिक जांच और उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाएं भी समय पर इलाज करा सकें। इसके अलावा, एचपीवी वैक्सीन को राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर को जड़ से खत्म किया जा सके। महिलाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना भी आवश्यक है। यह केवल एक चिकित्सा समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक मुद्दा भी है। इस चुनौती से निपटने के लिए सरकार, स्वास्थ्य संगठनों, समाज और स्वयं महिलाओं को मिलकर प्रयास करने होंगे। महिलाओं के जीवन को सुरक्षित और स्वस्थ बनाने के लिए हमें ठोस कदम उठाने होंगे, ताकि इस बीमारी को नियंत्रित किया जा सके और भारत को स्वस्थ राष्ट्र बनाया जा सके।

**आज का मुद्दा समाचार पत्र का प्रत्येक अंक मां गंगा और सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर सेक्टर 62 नोएडा के चरणों में समर्पित :** स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं संपादक मनोज वत्स द्वारा वत्स ऑफसेट मुद्दा हाउस सी ब्लॉक बरात घर चौड़ा रघुनाथपुर सेक्टर 22 नोएडा गौतम बुध नगर उत्तर प्रदेश से मुद्रित करा कर मुद्दा हाउस सी ब्लॉक बरात घर चौड़ा रघुनाथपुर सेक्टर 22 नोएडा गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित किया मुख्य संपादक के.जी.शर्मा **RNI.NO.UPHIN/2011/37197**, 9310549614
किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

# हिन्दू-मुस्लिम समाज के धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत नागरिकों के साथ शांति समिति की हुई बैठक

**आज का मुद्दा**

-----------------

आज का मुद्दा,(आशीष कुमार) बुलन्दशहर : मंगलवार को जिला पंचायत सभागार मे डीएम श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में चल रहे रमजान व आगामी होली के पर्व को शांतिपूर्ण से मनाए जाने हेतु हिन्दू-मुस्लिम समाज के धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत नागरिकों के साथ शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में डीएम श्रीमती श्रुति ने शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाने के लिए जनपद में समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ गोष्ठियों का आयोजन करने के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए।बैठक में डीएम ने जनपद के समस्त अधिशासी अधिकारियों को रमजान व होली के अवसर पर साफ-सफाई का विशेष अभियान चलाकर साफ-सफाई करने व पानी की पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति एव शोभा यात्रा निकलने के दौरान मार्गो पर पानी की टैंकरों की व्यवस्था एव वैकल्पिक जनरेटरो की व्यवस्था तथा चूना डाले जाने हेतु निर्देशित किया।बैठक में डीएम श्रुति ने विद्युत अधिकारी को त्यौंहारों पर बिना कटौती के पूर्ण विद्युत आपूर्ति करने तथा रमजान व होली एवं शोभा यात्रा के दौरान विद्युत खम्बो को पॉलिथीन द्वारा ढकवाना तथा ट्रांसफार्मरों को कवर करने तथा विद्युत लाइनों की नियमित पैट्रोलिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में त्यौहारों के अवसर पर सड़कों पर निराश्रित पशुओ को पकड़ने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक में डीएम ने स्वास्थ्य विभाग को रमजान, होली एवं शोभा यात्रा के दौरान मार्गो पर कैम्प लगाकर दवाई की समुचित आपूर्ति, हेल्थ कैम्प लगाने के निर्देश दिए। साथ ही होलिका दहन के अवसर पर निजी व राजकीय अस्पताल खुले रखकर समुचित चिकित्सा व्यवस्था हेतु ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने होली व शोभा यात्रा के दौरान मुख्य मार्गों पर शराब की दुकानों को बंद करने व त्योहारों के अवसर पर अवैध व जहरीली शराब किसी भी दशा में न बिकने पाए, पकड़े जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए और शोभा यात्रा निकलने वाले मार्गो को गड्ढा मुक्त करने के भी निर्देश दिए। बैठक में खाद्य पदार्थों के विभागीय अधिकारियों द्वारा गुणवत्ता परीक्षण करने के निर्देश दिए। शोभा यात्रा निकलने के दौरान डी0जे0 कम ध्वनि से बजाने तथा अधिक ध्वनि प्रदूषण करने वालों








के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक में एसएसपी श्लोक कुमार ने कहा कि त्यौहार पर सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन का पालन किया जाए। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि छोटी से छोटी सूचना का संज्ञान लेकर उसका निस्तारण करें। त्यौहार के मौके पर कोई भी असामाजिक तत्व व्यवधान उत्पन्न करने की कोशिश करता है तो उसकी सूचना दी जाए जिससे उनके विरुद्ध कार्यवाही की जा सके। त्यौहार पर व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि रमजान, होली के पर्व पर सभी व्यवस्था को सुनिश्चित कराए। सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखी जाए अराजक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक में एसएसपी श्लोक कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि आगामी समय त्यौहारो का समय है जो कि चुनौतीपूर्ण है। इसलिए धैर्य का परिचय देते हुए जो भी व्यवस्था होनी है उन्हे सुनिश्चित कराए। सभी थाना प्रभारी अपने अपने यहां शांति समिति की बैठक कर ले। पर्याप्त संख्या में मंदिर व मस्जिदों पर पुलिस बल की ड्यूटी लगा दे। त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन करते हुए त्यौहार को सकुशल संपन्न कराए। बुलंदशहर जनपद गंगा जमुनी तहजीब का एक उदहारण है यहां पर आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाए जाते हैं। इसी भाईचारे को कायम रखना हम सभी का कर्त्तव्य है। त्यौहार मनाते समय इस बात का ध्यान रखे कि किसी दूसरे को हमारी वजह से परेशानी न हो। उन्होंने दोनों समुदाय के संभ्रांत नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि त्यौहार के अवसर पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए वॉलिंटियर्स भी बना ले। पूर्व में कावड यात्रा के दौरान समाज के लोगो द्वारा कावड यात्रा पर पुष्प वर्षा कर गंगा जमुना तहजीब का परिचय दिया गया, इसी प्रकार माह रमजान व आगामी त्यौहार होली को सौहार्द के साथ मनाएं। साथ ही उन्होंने ने सड़क पर कार्यक्रम तथा गैर परंपरागत कार्यक्रम न करने के निर्देश दिए एव समस्त धार्मिक स्थलों पर सी0सी0टी0वी कैमरे लगवाने को निर्देशित किया। जनपद में संवेदनशील मार्गो पर नियमित पैट्रोलिंग करने के निर्देश दिए।

बैठक में डीएम श्रीमती श्रुति ने चल रहे रमजान व आगामी होली के पर्व को सौहार्द पूर्ण रूप से मनाने हेतु जनपदवासियों से अनुरोध किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने समस्त जनपद वासियों को चल रहे रमजान व आगामी होली के पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अभिषेक कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ0 प्रशांत कुमार, सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बाइक पर लेटकर किया स्टंट, 20 हजार का कटा चालान

**आज का मुद्दा-हापुड़।** हापुड़ में एक युवक द्वारा बाइक पर खतरनाक स्टंट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। न्यू शिवपुरी मोहल्ले में युवक ने बाइक पर लेटकर और हाथों को हवा में लहराते हुए स्टंट किया। यातायात प्रभारी छविराम ने बताया कि वीडियो की जांच में बाइक वरुण कुमार के नाम से पंजीकृत पाई गई। पुलिस ने युवक पर 20 हजार रुपये का चालान काटा है। पुलिस अभी स्टंट करने वाले युवक की तलाश कर रही है। घटना पॉस इलाके की है, जहां पुलिस की गाड़ियां नियमित गश्त करती हैं। स्टंट के दौरान मोहल्ले में मौजूद लोग भयभीत हो गए। यातायात प्रभारी ने आम नागरिकों से स्टंट या रैश ड्राइविंग करने वालों की सूचना देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोग ऐसे मामलों में फोटो या वीडियो भी साझा कर सकते हैं। पुलिस ने अब यह भी तय किया है कि स्टंट करने वालों का ड्राइविंग लाइसेंस रद्द किया जाएगा और जुमार्ना भी लगाया जाएगा। इस कार्रवाई से सड़क सुरक्षा के नियमों का उल्लंघन करने वालों को सख्त संदेश दिया गया है।



## टोल कर्मियो की अभद्रता से नाराज किसान संगठन, धौलाना के छिजारसी टोल पर भाकियू का प्रदर्शन



**आज का मुद्दा-**हापुड़। हापुड़ के पिलखुवा स्थित छिजारसी टोल प्लाजा पर मंगलवार को किसान संगठनों ने जोरदार प्रदर्शन किया। टोल कर्मियों द्वारा की जा रही अभद्रता के विरोध में किसानों ने एक लेन को टोल फ्री करा दिया। भारतीय किसान यूनियन के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष एकलव्य सिंह सहारा को टोल कर्मियों द्वारा एक कार्यकर्ता के साथ बदसलूकी की सूचना मिली, जिसके बाद सुबह साढ़े दस बजे सैकड़ों कार्यकर्ता के साथ एकलव्य टोल पर पहुंचे और किसानों ने एक घंटे तक टोल पर जमकर नारेबाजी और हंगामा किया। आधे घंटे तक टोल की कई लाइन बंद रही यह देख टोल मैनेजर किसानों को समझाने का प्रयास करते दिखाई दिए। टोल मैनेजर ने किसानों से अपनी टोल कर्मी द्वारा हुई सभी गलतियों को लेकर माफी मांगी और उन्हें भरोसा दिलाया कि किसानों मजदूरों को किसी भी तरह की शिकायत का मौका नहीं मिलेगा। एकलव्य ने कहा कि पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में प्रबंधक के आश्वासन पर धरना समाप्त कर दिया गया तथा हमारे कार्यकताओं का सम्मान सर्वोपरि है। इस प्रदर्श के दौरान मंडल महासचिव भवेन्द्र सिसोदिया, मंडल सचिव ललित चौधरी, सभासद प्रदीप तेवतिया, तहसील अध्यक्ष चीनू चौधरी, गूडू ककोड़ी, अनुभव अहलावत, आकाश चौधरी, परमजीत सिंह, भानु सिद्धू, साहिल पुनिया, सुनील टाइगर, लोकेश प्रधान, जगवीर प्रधान, पोरस चट्ठा, प्रशांत डागर, अर्जुन चौधरी, गोलू चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## हापुड़ में नाबालिग को बेरहमी से पीटा

**आज का मुद्दा-हापुड़।** हापुड़ जिले के बाबूगढ़ कोतवाली क्षेत्र के गांव वनखंडा में एक नाबालिग के साथ हुई मारपीट का मामला सामने आया है। मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें कुछ लोग एक नाबालिग की पिटाई करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में दिख रहा है कि आरोपी नाबालिग को लात-घूंसों से पीट रहे हैं और गाली-गलौज कर रहे हैं। आरोपियों ने पीड़ित को कंधे पर उठाकर गहरे गड्ढे में पटक दिया। इस पूरी घटना का वीडियो आरोपियों ने खुद ही अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया। सूत्रों के अनुसार यह घटना सोमवार की है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस सक्रिय हो गई है। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## टैक्स बढ़ोतरी के विरोध में नगर पालिका में हुई दूसरी हंगामेदार बैठक

**आज का मुद्दा-हापुड़।** हापुड़ नगर पालिका परिषद के सभागार कक्ष में मंगलवार को नगर पालिका द्वारा टैक्स बढ़ोतरी के प्रस्ताव के विरोध में दूसरी बैठक का आयोजन हुआ जिसमें व्यापारियों, क्षेत्रवासियों, सभासदों ने टैक्स बढ़ोतरी का जमकर विरोध किया। इस दौरान हंगामा भी हुआ। अधिकारियों ने लोगों को समझाने का प्रयास भी किया। इस दौरान समस्या जस की तस बनी रही। कुछ सभासदों ने आपत्ति पत्र दाखिल किए। आपको बता दें कि नगर पालिका परिषद हापुड़ टैक्स बढ़ाने की तैयारी कर रही है। ऐसे में लोगों से आपत्ति मांगी गई। क्षेत्रवासियों, सभासदों व व्यापारियों ने आपत्ति



पत्र दाखिल किए जिसके बाद एक बैठक का आयोजन हुआ जो बे नतीजा रही। ऐसे में मंगलवार को दूसरी बैठक का आयोजन हुआ जिसमें लोगों ने अपनी-अपनी बात रखी। हालांकि नगर पालिका परिषद हापुड़ के अधिकारियों ने इस दौरान लोगों को समझाने का प्रयास भी किया। हापुड़ के व्यापारी नेता बिजेंदर पंसारी ने कहा कि पहले नगर पालिका अपनी योजनाओं को बताएं। वहीं हापुड़ के व्यापारी नेता संजय अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका परिषद की बैठक सभी के लिए महत्वपूर्ण है। टैक्स वृद्धि से क्षेत्रवासियों पर फर्क पड़ेगा। ऐसे में चेयरमैन पुष्पा देवी को बैठक में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले भी उन्होंने चेयरमैन की बैठक में होने की मांग की लेकिन अध्यक्ष इसके बावजूद भी उपस्थित नहीं हुई। व्यापारी नेता ललित अग्रवाल छावनी वालों ने कहा कि आपत्ति लिखित में जो दी वह रजिस्टर में अंकित नहीं है। उन्हें भी अंकित किया जाए। अधिकारी ने कहा कि 15 लोगों की एक समिति बने। इसके बाद बैठक में विचार विमर्श हो लेकिन बैठक में मौजूद लोगों ने अधिकारियों के इस सुझाव का जमकर विरोध किया। बैठक में नगर पालिका परिषद हापुड़ के ईओ, अन्य आधिकारी, राजीव गर्ग, सोनू, दीपांशु, सभासद शशांक गुप्ता, मोनू बजरंग, विकास दयाल आदि उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत अध्यक्षा अंतुल तेवतिया को राष्ट्रीय पुरुस्कार सम्मान से किया गया सम्मानित



**आज का मुद्दा -बुलंदशहर** की बेटी को मिला राष्ट्रीय सम्मान, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अंतुल तेवतिया ने बढ़ाया जिले का मान जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.अंतुल तेवतिया को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण एवं अपने कार्यकाल के दौरान जिला पंचायत बुलंदशहर में किए गए अद्वितीय कार्यों के लिए उन्हें सम्मानित किया गया है। पूरे उत्तर प्रदेश से इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए केवल डॉ.अंतुल तेवतिया का चयन हुआ था। जिला पंचायत अध्यक्ष की जिम्मेदारी पर रहते हुए बुलंदशहर में महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उनकी नेतृत्व क्षमता और जिले के निवासियों के प्रति उनके समर्पण ने जिले में महिलाओं की स्थिति में सकारात्मक परिवर्तन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर समस्त जनपदवासियों में गर्व और हर्ष का माहौल है। डॉ तेवतिया को यह पुरस्कार नई दिल्ली के विज्ञान भवन में महिला दिवस से पूर्व दिया गया। जहाँ देश भर से चयनित महिलाओं को सम्मानित किया गया है। डॉ. अंतुल की इस उपलब्धि ने बुलंदशहर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

## रमजान व होली पर किसी समुदाय के खिलाफ कोई गलत पोस्ट न डाले: एसडीएम प्रियंका गोयल

**आज का मुद्दा बुलंदशहर:** जहाँगीराबाद रमजान व होली के पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क नजर आ रहा है।इसी को लेकर कस्बा चौकी में दोनों समुदायों के साथ एसडीएम प्रियंका गोयल व सीओ गिरजाशंकर त्रिपाठी ने बैठक कर त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर कोई भी गलत पोस्ट न डाले जिससे किसी समुदाय की भावनाओ को ठेस पहुंचे। रमजान का पाक महीना रविवार से शुरू हो गया है ओर 13 मार्च को होली का पर्व है।इसी को लेकर पुलिस प्रशासन गम्भीर है इसी के तहत कस्बा चौकी में मंगलवार को शांति समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें एसडीएम प्रियंका गोयल व सीओ गिरजाशंकर त्रिपाठी ने बैठक में कहा कि जहांगीराबाद नगर की




भाईचारे की मिसाल को कायम रखते हुए आपसी सौहार्द बनाए रखें और आगामी त्यौहारो को आपसी भाईचारे के साथ मनाये। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कोई भी गलत पोस्ट सोशल मीडिया पर नही डाले जिससे किसी समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचे यदि शहर की फिजा बिगाड़ने का प्रयास किया गया तो ऐसे शरारती तत्वों पर पुलिस प्रशासन का कानून का शिकंजा कसा जायेगा। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति के किसी को रंग नही लगाये जिससे कोई विवाद खड़ा हो। आगामी पर्वो पर शांति व्यवस्था भंग करने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नही जायेगा। कोतवाली प्रभारी महेंद्र त्रिपाठी ने भी कहा कि शरारती तत्वों की सूचना तत्काल पुलिस को दें और ऐसे लोगों को बढ़ावा न दे जिससे नगर की फिजा बिगड़े क्योंकि ऐसे लोग किसी धर्म के नही होते है सिर्फ माहौल खराब कर के चले जाते है और भुगतना नगर के सम्भ्रांत लोगों को पड़ता है।इस मौके पर नगरपालिका चेयरमैन किशनपाल लोधी व शहर इमाम सैय्यद कलीमुर्रहमान बुखारी ने पुलिस प्रशासन को सहयोग करने व शहर में अमन चैन से रहने का आश्वासन दिया है। चेयरमैन किशनपाल लोधी ने त्यौहार पर नगर में सफाई, प्रकाश व जलापूर्ति को दुरुस्त रखा जायेगा और नगर को साफ सुथरा बनाने के नगरपालिका की टीमें लगी हुई है। बैठक में सभासद सुल्तान अंसारी, मनोहन अग्रवाल, कैलाशचंद्र सैनी,अनीस मलिक, मनोज गुप्ता,संजय सैनी, ओमप्रकाश लोधी,गौरव शिशोदिया,रामकुमार, व्यापारी नेता रोहित पहाड़ी, संजय कंसल,मुफ़्ती खालिद,नईम अंसारी,हाजी खालिद सिद्दीकी,बिष्णु गुप्ता,इकराम प्रधान,इंतजार अली,राकेश सैनी,तारीक खां समेत आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## नेशनल आई.टी.आई. में टैबलेट वितरण समारोह आयोजित, 197 छात्र-छात्राओं को वितरित किये टैबलेट



**आज का मुद्दा-हापुड़।** इंदिरा गांधी मेमोरियल/ नेशनल आई.टी.आई. दिल्ली रोड, हापुड़ में 04 मार्च 2025 को टैबलेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 197 छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरण किये गए। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य चात्रों को सशक्त बनाना और शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी उपकरणो की उपयोगिता बढ़ाना है। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष (भाजपा) मानसिंह गोस्वामी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य, भाजपा चौ. हरेंद्र सिंह, खादी एवं ग्रामोद्योग मैनेजर अक्षय पवार एवं विजय यादव, ग्राम प्रधान श्यामनगर राहुल आदि उपस्थित रहे। संस्थान के चैयरमैन डॉ. बी.एस. तोमर ने अपने संबोधन में संस्थान के छात्रों को शुभकामना संदेश देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना के साथ ही छात्रों को तकनीकी उपकरणो का सही उपयोग कैसे करे, इसके बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस कार्यक्रम में संस्थान के एचओडी संजीव सोम, राजकुमार प्रधानाचार्य, कपिल कुमार, भूपेश कुमार, अमित शर्मा एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रह थे।

## एएनएम,स्टाफ नर्स का 12 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**आज का मुद्दा (आशीष कुमार) बुलंदशहर।** जिले में तैनात 34 एएनएम/स्टाफ नर्स को 12 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू हो गया। प्रशिक्षण के बाद संबंधित को केंद्रों पर जिम्मेदारी बढ़ा दी जाएगी। एएनएम/स्टाफ नर्स के प्रशिक्षण शिविर का एसीएमओ०डॉ०सुनील कुमार ने शुभारंभ किया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक हरी प्रसाद ने बताया कि एक साल पूर्व जिले में 123 एएनएम नियुक्त की गईं थीं। इनमें 85 ने ज्वाइन किया था। इन सभी को 12-12 दिन का प्रशिक्षण दिया जाना था। पिछले वर्ष किसी कारण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन नहीं हो सका। अब मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश ने सभी को 12-12 दिन का प्रशिक्षण देने के लिए निर्देश दिए हैं। पहले चरण में 34 एएनएम०को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके बाद शेष को दूसरे चरण में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद संबंधित को अन्य जिम्मेदारियां सौंपी जाएगी। इस दौरान डीएमएचसी०हिमांशु सचदेवा, डीएफपीएलएम०आलोक कुमार, जनपदीय मास्टर ट्रेनर डॉ०शाह आलम एवं एचईओ०दिलबाग सिंह आदि मौजूद रहे।

## साबितगढ़ शुगर मिल में मनाया राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस





**आज का मुद्दा बुलंदशहर:** पहासू, में स्थित त्रिवेणी शुगर मिल साबितगढ़ में बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 4 मार्च 2025 को मनाया गया । इस अवसर पर तकनीकी प्रमुख मुकेश गिरी ,वित्त प्रमुख नवीन अग्रवाल व आई टी प्रमुख नीरज श्रीवास्तव ने सुरक्षा का झंडा रोहण किया ।तदोपरांत तकनीकी प्रमुख द्वारा सभी को सुरक्षा की शपथ दिलाई गई ।इस अवसर सहायक महाप्रबंधक प्रशासनिक सज्जन पाल सिंह राणा ने वहां मौजूद सभी को अपने शंदेश द्वारा बताया कि सुरक्षा हम सबके लिए जीवन जीने का कवच है जिसे हम हर वक़्त धारण करके अपने आपको, संस्थान को व परिवार को सुरक्षित रख सकते हैं । सुरक्षा सुरक्षित जीवन का आधार है ।एल्टर प्रमुख अनुज सिंह ने वहां मौजूद सुरक्षा उपकरणों के बारे में सभी को विस्तार पूर्वक समझाया कि कौन सा उपकरण और यंत्र कहाँ इस्तेमाल करना है जिसमे उनकी कोर टीम के सदस्य बंटू यादव,नीरज राघव व अनिल राघव ने अपनी दक्षता का इस्तेमाल करके यंत्रों के संचालन का जीवन्त प्रदर्शन पेश किया । इसब मौके पर सोमेष कुमार पांडेय,शैलेन्द्र शर्मा,हेमंत गुप्ता,आशुतोष त्यागी,इक्लेश सैनी,एस. पी सिंह, रवि कुमार, रोहित सिरवा,सोहन पाल, तारा चंद,जय कुमार ,रामजीत सिंह,वीरेंद्र सिंह, आदि मौजूद रहे ।

## गेहूं की रखवाली करने गए किसान की मौत

### झोपड़ी में मिला 45 वर्षीय कमल का अधजला शव, पुलिस जांच जारी



आज का मुद्दा पुष्पेंद्र कुमार

बुलंदशहर : आहार कोतवाली क्षेत्र के गांव औरंगाबाद तहारपुर में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। गांव के 45 वर्षीय किसान कमल की आग में जलने से मौत हो गई है।कमल सोमवार की देर शाम अपने खेत में गेहूं की फसल की रखवाली के लिए गए थे। उन्होंने खेत के किनारे टाड पर एक झोपड़ी बना रखी थी। मंगलवार की सुबह ग्रामीणों को उनका अधजला शव मिला। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद से



परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आहार कोतवाली प्रभारी यंग बहादुर सिंह के अनुसार घटना की जांच की जा रही है। अभी तक घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## शिक्षा प्रसार समिति चुनाव में 1026 सदस्य करेंगे मतदान, हापुड़ में 13 अप्रैल को 48 प्रत्याशी आजमाएंगे किस्मत



**आज का मुद्दा-हापुड़।** नगर के दिल्ली रोड स्थित एसएसवी डिग्री और इंटर कॉलेज की शिक्षा प्रसार समिति का चुनाव 13 अप्रैल को होगा। प्रो. नवीन चंद्र को मुख्य चुनाव अधिकारी और विजय कुमार को सह चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस चुनाव में कुल 48 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनकी किस्मत का फैसला 1026 सदस्य करेंगे। समिति में कई महत्वपूर्ण पदों के लिए चुनाव होगा। इनमें प्रधान, उप प्रधान, मंत्री, उपमंत्री, ऑडिटर, प्रबंधक, उप प्रबंधक और कोषाध्यक्ष शामिल हैं। इसके अलावा तीन अलग कमेटियों के लिए भी चुनाव होगा। डिग्री कॉलेज की 8 सदस्यीय कमेटी, इंटर कॉलेज की 5 सदस्यीय कमेटी और शिक्षा प्रसार समिति की 27 सदस्यीय कमेटी का चुनाव होना है। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. नवीन चंद्र ने बताया कि चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कराया जाएगा। चुनाव कार्यक्रम जल्द ही घोषित किया जाएगा। इस बार चुनाव में विभिन्न गुटों के बीच बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। वर्तमान प्रबंध समिति अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों के आधार पर लोगों से संपर्क कर रही है।


**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अर्न्तगत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 09252224 | एयर ब्रेक होस कपलिंग सपोर्ट | 34966 नग | 24.03.2025 |

**निविदा शर्तें**– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं.: 102/2024-2025 दिनांक 03.03.2025 681/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




# कॅरियर में मददगार होंगे यह पॉइंट्स

**आप शिक्षा के जिस भी स्तर पर हैं, उसी अनुरूप आप अपने कॅरियर के चुनाव में विभिन्न उपायों को आजमा सकते हैं। मान लीजिये कि आप दसवीं में हैं, तो मंजिल के चुनाव के लिए आप अपने टीचर, पेरेंट्स की सहायता ले सकते हैं और जान सकते हैं कि कौन सा कॅरियर आपके लिए किस ढंग से लाभकारी होगा ?**

यह एक जांचा परखा तथ्य है कि अगर किसी व्यक्ति ने अपने कॅरियर के शुरुआती दौर में ही सही फैसले लेकर उचित कॅरियर का चुनाव कर लिया, तो उसकी आगे की राह काफी आसान हो जाती है। कहते हैं दुनिया में हर व्यक्ति सफर करता है, किंतु मंजिल पर पहुंचते बहुत कम लोग हैं। आप कह सकते हैं कि सही मंजिल पर कैसे पहुंचा जाए, तो इसमें यही बात समझने योग्य है कि सही मंजिल पर पहुंचने के लिए मंजिल का चुनाव, उसकी पहचान जरूरी है।

## कॅरियर रुपी मंजिल का चुनाव कैसे करें ?

क्या आप दसवीं में हैं ? या फिर आप 12वीं में अथवा ग्रेजुएशन कर चुके हैं ? आप शिक्षा के जिस भी स्तर पर हैं, उसी अनुरूप आप अपने कॅरियर के चुनाव में विभिन्न उपायों को आजमा सकते हैं। मान लीजिये कि आप दसवीं में हैं, तो मंजिल के चुनाव के लिए आप अपने टीचर, पेरेंट्स की सहायता ले सकते हैं और जान सकते हैं कि कौन सा कॅरियर आपके लिए किस ढंग से लाभकारी होगा ? खासकर दसवीं के बाद आपको साइंस या आर्ट्स में से कोई एक स्ट्रीम चुननी होती है। इसी तरह से अगर आप 12वीं में हैं तो आप साइंस में भी मैथ्स या बायो लेकर चलना होता है अथवा आर्ट्स या कॉमर्स स्ट्रीम को लेकर पढ़ाई करना होता है। वस्तुत : यहां से कॅरियर एक दिशा ले लेता है कि आप किसी प्रोफेशनल कोर्स में जाना चाहते हैं या फिर एनडीए अथवा दूसरे कोर्स की तैयारी करना चाहते हैं। ग्रेजुएशन में तो आपकी समझ पूरी तरह से खुल चुकी होती है और आपको पूरी तरह से पता होता कि हकीकत में करना क्या है। बस कई लक्ष्यों के बीच में खुद को कंफ्यूज ना करें, क्योंकि कन्फ्यूजन आपको आपकी मंजिल से दूर कर देगा। ध्यान रखना चाहिए कि भेड़ चाल से बचना कैसे है और अपने लक्ष्य को पूरी तरह से अपने मन मस्तिष्क के अनुसार चुनना चाहिए। जब आप मंजिल को ठीक से पहचान लेते हैं तब आपका काम काफी आसान हो जाता है।

## जुट जाएँ मंजिल तक पहुंचने में

जब एक बार मंजिल की पहचान हो जाती है, फिर आप तब तक ना रूकें, जब तक मंजिल पर पहुंच ना जाएँ। ध्यान रखें, डॉक्टर अब्दुल कलाम कहते हैं कि बैठे रहने वालों को वही मिलता है जो कोशिश करने वाले छोड़ देते हैं। अगर अपनी मंजिल को आपने पहचान लिया है तो आपको तेजी से और मजबूत कदमों से उस और बढ़ने की आवश्यकता होती है। इसके लिए न केवल ट्रेडिशनल कोर्सेज करें, बल्कि ऑनलाइन की दुनिया से अपने आपको लगातार अपडेट करें। केवल इतना ही पर्याप्त नहीं है कि आपने किसी यूनिवर्सिटी के डिग्री कोर्स में प्रवेश ले लिया है, बल्कि अपनी स्किल को निखारने के लिए आपको ऑनलाइन एजुकेशन, कोर्सेज के माध्यम से तमाम स्किल विकसित करनी होगी। इसके लिए कई फ्री तो कई पेड कोर्सेज उपलब्ध हैं, जिसे आप अपनी रूचि के अनुसार चुन सकते हैं। सबसे इंपोर्टेंट है खुद को लगातार अपग्रेड करना चाहिए। हालांकि रेगुलर पढ़ाई की महत्ता से इनकार नहीं किया जा सकता और इसके लिए आपको बेहतर से बेहतर संस्थान का चुनाव करना चाहिए और उसके प्लेसमेंट रिकॉर्ड को भी अपनी नजर में रखना चाहिए।

## इनोवेशन को अहमियत दें

जापान के बारे में हम आप बचपन से सुनते आए हैं कि वहां बच्चे पढ़ाई के दिनों से ही प्रायोगिक चीजों में रूचि लेने लगते हैं और दसवीं तक आते आते तो घड़ी, दूसरी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस इत्यादि विकसित करने लगते हैं। भारत में अभी इस तरह का माहौल पूरी तरह से विकसित नहीं हुआ है, किंतु एक सच यह भी है कि भारत में ही कई सारे छोटे बच्चे कोडिंग के माध्यम से तमाम प्रोग्राम लिखते हैं, तो कई अपनी क्रिएटिव थॉट से वीडियो एडिटिंग, फोटोग्राफी, राइटिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। ऐसे कई यूट्यूब चैनल आप देखते ही होंगे, जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने कितना कमाल किया है। तो आप भी अपने स्तर पर कुछ इनोवेटिव कर सकते हैं। इसकी अपॉर्चुनिटी ढूंढें और हां इसका इंतजार ना करें कि अब अमुक पढ़ाई करने के बाद आपको नौकरी मिलेगी तो आप अपने कॅरियर को सेट करेंगे। इसकी बजाय पढ़ाई के कोर्सेज के दौरान ही आप खुद को स्टेबल करने की कोशिश करें। आप एक एंटरप्रेन्योरशिप माइंडसेट के साथ काम करेंगे, तो भविष्य में आपके लिए यह काफी अच्छा रहेगा। आप जॉब करें या फिर अपना बिजनेस करें, एंटरप्रेन्योरशिप माइंडसेट से आप खुद को सफल इंसान बनाने की दिशा में आगे बढ़ा सकते हैं।

## भटकाव से बचें

आज के समय में तमाम एक्सपर्ट और रिसर्च इस बात के प्रति जागरूक करते हैं कि ऑनलाइन दुनिया में आपका समय बहुत खराब होता है। छोटे-छोटे बच्चे यूट्यूब और दूसरी ऑनलाइन साइट्स पर, गेम्स पर अपने जीवन का कीमती समय नष्ट करते हैं। यह धीरे-धीरे उनकी आदत बन जाती है और जो इंटरनेट अच्छी जानकारियों का सोर्स हो सकता है, उसे वह समय नुकसान करने का माध्यम बना लेते हैं। ना केवल बच्चे, बल्कि युवा भी इस पर अपना अच्छा खासा समय बर्बाद करते हैं, तो यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि आज के समय में समय बर्बाद करने का सबसे महत्वपूर्ण साधन भी इंटरनेट ही बन गया है। इसके लिए आप अतिरिक्त सावधानी बरतेंगे तो आपका कॅरियर सही दिशा में अवश्य ही आगे बढ़ेगा। पहले समय पास करने का काम नालायक दोस्त किया करते थे, लेकिन कइयों की लाइफ में अब यह स्थान इंटरनेट में ले लिया है। हालाँकि, कई लोग इंटरनेट को 'सच्चा दोस्त' बनाकर अपनी जिन्दगी में बड़े बड़े मुकाम इसी की सहायता से प्राप्त कर रहे हैं, इसीलिए इस के सकारात्मक पक्ष पर फोकस करें और भटकाव से बचने के लिए इंटरनेट पर पर अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है।

## रिव्यू और इम्प्रूवमेंट करना जरूरी है

अपनी यात्रा और अपनी अब तक की जिंदगी का रिव्यू अवश्य करें। अब तक आपने क्या किया है। अब तक कौन से अच्छे कार्य किए हैं, कौन सी छोटी गलतियां की हैं, तो कौन सी बड़ी मिस्टेक्स की हैं, इसका विचार करें। जितना अधिक आप खुद की एनालिसिस करेंगे, सार्थक दिशा में बढ़ने की संभावना भी उतनी ही अधिक बढ़ेगी। सच कहा जाए तो रिव्यू करना किसी परीक्षा की तरह होता है, जो एक परीक्षार्थी को बतलाता है कि उसका जीवन किस रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। जैसे आज की दुनिया में किसी प्रोडक्ट का रिव्यू किया जाता है, वैसे ही खुद का रिव्यू करने से ना चूकिए। कैरियर चूज करने में, प्रोफेशनल लाइफ में, पर्सनल लाइफ में, सोशल रिलेशंस में, फैमिली रिलेशंस में आप किस ढंग से चलते हैं, इस पर सार्थक मन से अवश्य विचार करें और जो भी आपकी उलझन होती है उन उलझनों को खुद सुलझाने की कोशिश करें। अगर किसी मोड़ पर आपको लगता है कि कॅरियर चुनने में कोई गलती हुई है तो रिव्यु से वह पकड़ में आ जाएगी। पुराने गलत निर्णय को झेलने की बजाय, ठोस आधार होने पर, अपने निर्णय में समय रहते तब्दीली लाई जा सकती है।





# ब्लॉकचेन डेवलपर कैसे बनें, जानिये इसके प्रकार भूमिकाएं और कौशल

**ब्लॉकचेन तकनीक सुरक्षा को बढ़ाती है और सूचना के आदान-प्रदान को इस तरह से गति देती है जो लागत प्रभावी और अधिक पारदर्शी होता है। ब्लॉकचेन के महत्व ने विभिन्न क्षेत्रों में संगठनों का ध्यान आकर्षित किया है जिसमें बैंकिंग क्षेत्र सबसे अधिक सक्रिय है।**

## ब्लॉकचेन क्या होता है ?

ब्लॉकचेन एक विकेन्द्रीकृत डिजिटल लेजर होता है जो दुनिया भर के हजारों कंप्यूटरों पर लेनदेन को सेव करता है। ब्लॉकचेन तकनीक सुरक्षा को बढ़ाती है और सूचना के आदान-प्रदान को इस तरह से गति देती है जो लागत प्रभावी और अधिक पारदर्शी होता है। ब्लॉकचेन के महत्व ने विभिन्न क्षेत्रों में संगठनों का ध्यान आकर्षित किया है जिसमें बैंकिंग क्षेत्र सबसे अधिक सक्रिय है। ब्लॉकचेन के परिणामस्वरूप हजारों नई नौकरी की स्थिति और मोबाइल भुगतान समाधान से लेकर स्वास्थ्य देखभाल अनुप्रयोगों तक के नए स्टार्टअप का विकास हुआ है। वास्तव में ब्लॉकचैन आईटी दुनिया के वर्तमान परिदृश्य में शीर्ष उभरते प्रौद्योगिकी डोमेन में से एक है। ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का वैश्विक बाजार वर्ष 2025 तक लगभग 20 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। सैमसंग, आईबीएम, कैपजेमिनी जैसे विभिन्न आईटी जायंट हैं जो ब्लॉकचैन पेशेवरों के लिए शानदार कैरियर के अवसर प्रदान कर रही हैं और आप एक सार्थक और सफल कॅरियर बनाने के लिए ब्लॉकचेन डेवलपर बनने पर विचार कर सकते हैं।

## ब्लॉकचेन डेवलपर कौन होता है ?

ब्लॉकचेन डेवलपर्स वे तकनीकी पेशेवर होते हैं जो ब्लॉकचेन तकनीक पर काम करते हैं और संबंधित कार्यों के लिए जिम्मेदार होते हैं, जैसे कि ब्लॉकचेन प्रोटोकॉल को डिजाइन करना, स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट बनाना आदि। एक ब्लॉकचेन डेवलपर के पास ब्लॉकचेन के साथ-साथ ब्लॉकचेन आर्किटेक्चर और प्रोटोकॉल के आधार पर स्मार्ट अनुबंधों को विकसित और अनुकूलित करने के लिए ज्ञान और कौशल का एक सेट होता है। वे 3डी मॉडलिंग, 3डी डिजाइन, 3डी सामग्री विकास को भी डील करते हैं जैसे कि गेम डेवलपमेंट में होता है। ब्लॉकचैन डेवलपर्स को मुख्य रूप से दो प्रकारों में बांटा जा सकता है - ब्लॉकचेन सॉफ्टवेयर डेवलपर और कोर ब्लॉकचेन डेवलपर।

### ब्लॉकचेन सॉफ्टवेयर डेवलपर्स

ब्लॉकचेन सॉफ्टवेयर डेवलपर्स कोर डेवलपर द्वारा योजना के अनुसार डिजाइन का विकास और कार्यान्वयन करते हैं, जैसे -

- वे डीएपी विकसित करते हैं।
- वे कोर डेवलपर्स द्वारा डिजाइन के अनुसार स्मार्ट अनुबंध लागू करते हैं।
- वे सुनिश्चित करते हैं कि डीएपी योजना के अनुसार चले।
- अन्य सेवाओं और ऐप्स के साथ ब्लॉकचेन नेटवर्क के एकीकरण पर रिसर्च और देखभाल।

### कोर ब्लॉकचेन डेवलपर्स

कोर ब्लॉकचेन डेवलपर्स आर्किटेक्चर के विकास और अनुकूलन के लिए जिम्मेदार होते हैं। डेवलपर ब्लॉकचेन समाधान का समर्थन करने वाले प्रोटोकॉल को डिजाइन, विकसित और अनुकूलित करता है। एक अच्छा उदाहरण कंसेंसस प्रोटोकॉल है जो परिभाषित करता है कि ब्लॉकचेन और संसाधनों का उपयोग करने वाले सदस्य कैसे इन संसाधनों को साझा करने और उपयोग करने पर सहमत होते हैं।

- कोर ब्लॉकचेन डेवलपर्स ब्लॉकचेन की कार्यक्षमता और विशेषताओं को लागू करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि वे इच्छित कार्य करें।
- वे नेटवर्क की सुरक्षा को डिजाइन और कार्यान्वित करते हैं।
- वे सुनिश्चित करते हैं कि नेटवर्क चालू है।
- वे अन्य सेवाओं के साथ ब्लॉकचेन नेटवर्क के एकीकरण की योजना, डिजाइन और कार्यान्वयन करते हैं।
- वे एक ब्लॉकचेन नेटवर्क की सुविधाओं और कार्यक्षमता का विस्तार करने की योजना बनाते हैं।

## आवश्यक तकनीकी कौशल

सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आपके पास कंप्यूटर साइंस / इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी क्षेत्र में ऐकडेमिक बैकग्राउंड चाहिए। आप किसी विशेष स्ट्रीम में स्नातक या मास्टर डिग्री हासिल करने का विकल्प चुन सकते हैं। हालांकि ब्लॉकचेन डेवलपर बनने के लिए किसी विशिष्ट शैक्षणिक पृष्ठभूमि का होना अनिवार्य नहीं है, लेकिन यह आपको बुनियादी बातों को समझने में मदद करेगा और ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी को प्रभावी ढंग से सीखने के लिए आपकी फाउंडेशन रखेगा। डिग्री प्रोग्राम्स के अलावा आप विशेष तकनीक में अधिक अनुभव प्राप्त करने के लिए कई प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विकल्प चुन सकते हैं। ब्लॉकचेन प्रोफेशनल बनने का कॅरियर इतना आसान नहीं होता है, इसके लिए आपको बहुत डेडिकेशन, कड़ी मेहनत और कंसिस्टेंसी की आवश्यकता होती है। लेकिन आज ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी के तेजी से विकास को देखते हुए ब्लॉकचेन डेवलपर्स के कॅरियर का दायरा बहुत ही शानदार और उज्ज्वल होता जा रहा है।

## प्रमुख स्किल्स

### ब्लॉकचेन आर्किटेक्चर को समझना

यह समझना सुनिश्चित करें कि ब्लॉकचेन क्या है, जैसे कि उन्नत ब्लॉकचेन सुरक्षा, ब्लॉकचेन एप्लिकेशन, ब्लॉकचेन एकीकरण और ब्लॉकचेन के फायदे और सीमाएं और साथ ही इनकी चुनौतियां। ब्लॉकचेन डेवलपर्स को ब्लॉकचेन सर्वसम्मति, हैश फंक्शन और वितरित लेजर तकनीक को समझने की आवश्यकता होती है। व्हाइट पेपर ब्लॉकचेन की वास्तुकला और कार्यप्रणाली को परिभाषित करता है। उन्हें विभिन्न ब्लॉकचेन और उनके कामकाज को समझने की जरूरत होती है जिनमें एथेरियम, बिटकॉइन, नियो और हाइपरलेगर सबसे महत्वपूर्ण हैं।

### डेटा स्ट्रक्चर और डेटाबेस

एक डेवलपर को ब्लॉकचेन नेटवर्क को आवश्यकता के अनुसार उचित रूप से कॉन्फिगर करना चाहिए और इसलिए टारगेट नेटवर्क के लिए विभिन्न और इस प्रकार सर्वश्रेष्ठ डेटाबेस और डेटा संरचनाओं को समझना चाहिए।

### स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट डेवलपमेंट

एक डेवलपर को स्मार्ट अनुबंधों के प्रकार और उन्हें विकसित करने के तरीके को समझना चाहिए।

### विकेंद्रीकरण को समझना

जैसा कि ब्लॉकचेन और विकेंद्रीकृत अनुप्रयोगों में लागू होता है। इन डीएपी को विभिन्न प्रोटोकॉल और प्रक्रियाओं का उपयोग करके विभिन्न ब्लॉकचेन प्लेटफॉर्म पर बनाया जा सकता है।

### क्रिप्टोग्राफी को समझना

क्रिप्टोग्राफी और डिजिटल लेजर ब्लॉकचेन के कामकाज का आधार होते हैं। डेवलपर को यह समझना चाहिए कि क्रिप्टोग्राफी क्या होती है, क्रिप्टोग्राफी में लागू होने वाले एल्गोरिदम और कौन से एल्गोरिदम किस प्रकार के ब्लॉकचेन नेटवर्क के लिए सबसे अच्छा काम करते हैं। उन्हें पता होना चाहिए कि ये एल्गोरिदम कैसे विकसित किए जाते हैं।

### क्रिप्टोनॉमिक्स को समझना

यह समझना जरूरी है कि क्रिप्टोकरेंसी में ब्लॉकचेन पर कैसे कोडित किया जाता है। ब्लॉकचेन डेवलपर प्रशिक्षण और पाठ्यक्रम गेम थ्योरी, मॉडलिंग क्रिप्टोनॉमिक्स के लिए गणितीय ढांचे और मॉडलिंग में शामिल मुश्किलों को सिखा सकते हैं। उन्हें यह भी समझना चाहिए कि क्रिप्टोनॉमिक्स और संबंधित मौद्रिक नीतियों को प्रभावित करने वाले फैक्टर्स कौन कौन से हैं।

### कंप्यूटर कोडिंग

कंप्यूटर प्रोग्रामिंग किसी भी उन्नत और प्रभावी विकेन्द्रीकृत ऐप या डीएपी के विकास के लिए आवश्यक होता है, हालांकि कुछ मामलों में आप इस कौशल के बिना शुरुआती डीएपी विकसित करने में सक्षम हो सकते हैं। अधिकांश ब्लॉकचेन डेवलपर्स प्रोग्रामिंग लैंग्वेज या कोडिंग सीखकर इसे शुरू करते हैं और फिर ब्लॉकचेन विकास में विशेषज्ञता के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं। अधिकांश ब्लॉकचेन डेवलपमेंट के लिए मेनस्ट्रीम की प्रोग्रामिंग या कोडिंग भाषाओं की आवश्यकता होती है, लेकिन कुछ ब्लॉकचेन जैसे एरेम को एक विशिष्ट कोडिंग भाषा में ज्ञान की आवश्यकता होती है जिस पर वे कुछ भी डेवेलप करने के लिए आधारित होते हैं।





# कैसे बनें वॉयस ओवरआर्टिस्ट

**वॉयस-ओवर, जिसे ऑफ-कैमरा या ऑफ-स्टेज कमेंट्री के रूप में भी जाना जाता है, एक उत्पादन तकनीक है, जहां एक आवाज- जो कि कहानी का हिस्सा नहीं है- एक रेडियो, टेलीविजन उत्पादन, फिल्म निर्माण, थिएटर या फिर किसी और प्रेजेंटेशन में उपयोग किया जाता है।**

क्या आपकी आवाज मधुर और प्रभावशाली है ? क्या आपको अपनी आवाज से प्यार है ? यदि हाँ, तो आप नि :सन्देह वॉयस-ओवर फील्ड में अपना कॅरियर आजमा सकते हैं और वॉयस-ओवर-आर्टिस्ट होकर कुछ बड़ा पैसा कमाने के लिए इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। तो आइये इसके बारे में कुछ महत्वपूर्ण जानकारी हासिल करते हैं।

## वॉयस-ओवर क्या है ?

वॉयस-ओवर, जिसे ऑफ-कैमरा या ऑफ-स्टेज कमेंट्री के रूप में भी जाना जाता है, एक उत्पादन तकनीक है, जहां एक आवाज- जो कि कहानी का हिस्सा नहीं है- एक रेडियो, टेलीविजन उत्पादन, फिल्म निर्माण, थिएटर या फिर किसी और प्रेजेंटेशन में उपयोग किया जाता है। वॉयस-ओवर प्राय : किसी मौजूदा संवाद के अलावा जोड़ा जाता है। यह पेशेवर ऑडियो के एक भाग के रूप में आवाज प्रदान करने के लिए उपयोग में लाया जाता है। यह गेमिंग, वीडियो, कार्टून, विज्ञापनों आदि के लिए इस्तेमाल किया जाता है। तकनीकी रूप से कहा जाए तो वॉइस-ओवर-आर्टिस्ट की मुख्य जिम्मेदारी लिखित शब्द को ऑडियो या वॉइस में बदलना है। इसके लिए बोलने और संवाद की कला प्रमुख है।

## वॉयस-ओवर आर्टिस्ट कौन होते हैं ?

हम पूरे दिन आवाजें सुनते हैं, चाहे वह मेट्रो रेल घोषणाएं हों, विज्ञापन अभियान हो या रेडियो सुन रहे हों या फिर फोन पर हेल्पलाइन पर कॉल करते समय हो। लेकिन क्या आपने नोटिस किया है कि ये शांत और सुरीली आवाज किसकी है ? वे वॉइस-ओवर-आर्टिस्ट हैं। वॉयस-ओवर कलाकार एनिमेटेड फिल्मों, वृत्तचित्रों और टेलीविजन शो के लिए आवाज प्रदान करते हैं और टेलीविजन और रेडियो विज्ञापनों में वॉयस-ओवर करते हैं। वॉयस-ओवर कलाकार एनिमेटेड पात्रों के लिए आवाजें प्रदान करते हैं, जिनमें फीचर फिल्में, टेलीविजन कार्यक्रम, एनिमेटेड लघु फिल्में और वीडियो गेम शामिल हैं। ये ऐसे लोग हैं जो अपने दैनिक जीवन में एक बदलाव लाने के लिए अपनी मेहनत और प्रयास इन आवाजों को दर्ज करने के लिए करते हैं। जिस डिजिटल समय में हम रहते हैं, उसमें वॉयस-ओवर कलाकारों का महत्व और प्रभुत्व बढ़ रहा है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि आजकल वॉइस-ओवर-कलाकार के रूप में कॅरियर को युवाओं के लिए एक शानदार विकल्प माना जाता है। सामान्यतया, वॉयस-ओवर आर्टिस्ट बनने के लिए अच्छी आवाज ही एकमात्र पात्रता मानदंड होता है। हालांकि, यह बहुत आसान लग सकता है, लेकिन जब यह वास्तव में एक वीडियो या एक चरित्र के लिए वॉइस-ओवर करने की बात आती है, तो कई चीजें हैं जो सामने आती हैं। लेकिन, मुख्य रूप से एक अच्छी आवाज और विभिन्न प्रकार के वॉयस मॉड्यूलेशन पर नियंत्रण वॉयस-ओवर आर्टिस्ट बनने के लिए प्राथमिक आवश्यकताएं होती हैं। साथ ही साथ आपको भाषा और व्याकरण का अच्छा ज्ञान होना चाहिए और उच्चारण पर उचित नियंत्रण। इसके लिए आप कुछ अभिनय पाठ्यक्रम का चुनाव कर सकते हैं, जहाँ से आपको एक अभिनय की डिग्री प्राप्त हो सके, क्योंकि वॉइस-ओवर काम का एक बड़ा हिस्सा अनिवार्य रूप से अभिनय कार्य ही है।

## वॉयस-ओवर-आर्टिस्ट बनने के लिए टॉप कॉलेज और पाठ्यक्रम

नए जमाने के कॅरियर विकल्प के रूप में, जो अब भी धीरे-धीरे बढ़ रहा है, कोई स्थापित कॉलेज तो नहीं हैं जो वॉइस-ओवर-कलाकारों के लिए प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। लेकिन, पिछले कुछ वर्षों में कई निजी संस्थानों ने वॉइस-कोचिंग पाठ्यक्रम पेश करना शुरू कर दिया है, जो छात्रों को मूल बातें सीखने में मदद करते हैं। उनमें से कुछ हैं :

- इंडियन वॉयस ओवर, मुंबई
- फिलमिट अकादमी, मुंबई
- वॉयस बाजार, मुंबई

इसके अलावा, कई स्थापित वॉयस-ओवर-कलाकारों ने भी इसके लिए अपने स्वयं के ट्रेनिंग क्लासेज शुरू किए हैं। आप गूगल सर्च के द्वारा अपने इलाके में ऐसे संस्थानों की पहचान कर सकते हैं।

## वॉयस-ओवर-आर्टिस्ट के लिए सबसे लोकप्रिय कॅरियर

विकास क्षमता और विभिन्न पहलुओं को देखते हुए, आजकल हम देख रहे हैं कि मनोरंजन, विज्ञापन, कॉर्पोरेट, ई-लर्निंग, एनीमेशन, प्रशिक्षण, विपणन, शिक्षा, रेडियो और अन्य कार्यक्षेत्रों में आत्मविश्वास से भरी और समृद्ध आवाजों के साथ वॉयस-ओवर कलाकारों की मांग बढ़ रही है। इसके अलावा, उन्नत प्रौद्योगिकी ने वीडियोगेम, ऐप, जीपीएस, टेक्स्ट टू स्पीच, इंटरनेट जैसे कई क्षेत्रों में इनकी मांग को और अधिक बढ़ा दिया है। अपेक्षाकृत अज्ञात कॅरियर विकल्प होने के बावजूद, वॉयस-ओवर-कलाकारों को दी जाने वाली भूमिकाएं और जिम्मेदारियां भिन्न भिन्न हैं। यह वीडियो के लिए बुनियादी वॉइस-ओवर गतिविधियों से शुरू होता है या रेडियो जिंगल्स के लिए आपकी आवाज की पेशकश करता है। एक बार सफल और स्थापित होने के बाद आप फिल्मों और टीवी शो या कार्टून शो के लिए डबिंग जैसे उच्च मूल्य वाले प्रोजेक्ट भी ले सकते हैं। एक पेशेवर कॅरियर विकल्प होने के नाते वॉयस-ओवर कलाकार बाजार में एक सम्मानजनक पारिश्रमिक प्राप्त करते हैं। अपेक्षाकृत नया डोमेन और एक छोटा उद्योग होने के नाते, गुणवत्ता वाले वॉयस-ओवर-कलाकारों की मांग बहुत अच्छी है और इसलिए भुगतान भी काफी अच्छा है।

## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## होली विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी होली त्यौहार के दौरान रेलवे द्वारा पहले से ही घोषित अनेक होली विशेष रेलगाड़ियों के अलावा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

### 02883/02884 राँची जं. – गोरखपुर जं. – राँची जं. होली स्पेशल रेलगाड़ी — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 02883 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 02884 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:55 | राँची जं. | 05:30 | -- |
| 11:45 | 11:58 | वाराणसी जं. | 18:15 | 18:25 |
| 19:50 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 11:00 |

**चलने की तिथि : 02883 राँची जं.** से दिनांक 12.03.2025 (बुधवार) को एवं **02884** गोरखपुर जं. से दिनांक 14.03.2025 (शुक्रवार) को।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** मूरी जं., बोकारो स्टील सिटी, गोमो जं., कोडरमा, गया जं., डेहरी ऑन सोन, सासाराम, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., वाराणसी जं., जौनपुर जं., औंड़िहार जं., मऊ जं., बेल्थरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं. एवं देवरिया सदर स्टेशन।

### 07707/07708 चर्लपल्ली – हज़रत निज़ामुद्दीन – चर्लपल्ली होली स्पेशल रेलगाड़ी — 6 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 07707 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 07708 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 20:45 | चर्लपल्ली | 09:30 | -- |
| 01:30 | -- | हज़रत निज़ामुद्दीन | -- | 03:15 |

**चलने की तिथि : 07707 चर्लपल्ली** से दिनांक 06.03.25, 12.03.25 एवं 16.03.2025 को एवं **07708** हज़रत निज़ामुद्दीन से दिनांक 08.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.2025 को।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** काजीपेट जं., रामगुंडम, मंचिर्याल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, नागपुर, रानी कमलापति, बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई (झाँसी) एवं आगरा कैंट स्टेशन

### 01707/01708 जबलपुर जं. – आनन्द विहार टर्मिनल – जबलपुर जं. होली एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी — 6 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01707 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01708 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 20:20 | जबलपुर जं. | 10:00 | -- |
| 16:45 | -- | आनन्द विहार टर्मि. | -- | 18:05 |

**चलने की तिथि : 01707 जबलपुर जं.** से दिनांक 08.03.25, 12.03.25 एवं 15.03.2025 को एवं **01708** आनन्द विहार टर्मि. से दिनांक 09.03.25, 13.03.25 एवं 16.03.2025 को।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकोनॉमी) शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** कटनी जं., मैहर, सतना, मानिकपुर जं., शंकरगढ़, प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं., अलीगढ जं. एवं गाजियाबाद जं. स्टेशन।

### 05734/05733 कटिहार जं. – अमृतसर जं. – कटिहार जं. होली स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 8 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05734 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05733 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 11:40 | कटिहार जं. | 15:00 | -- |
| 00:10 | -- | अमृतसर जं. | -- | 04:20 |

**चलने की तिथि : 05734 कटिहार जं.** से दिनांक 06.03.2025 से 27.03.2025 तक (प्रत्येक गुरूवार को) एवं **05733 अमृतसर जं.** से दिनांक 08.03.2025 से 29.03.2025 तक (प्रत्येक शनिवार को)।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** नौगछिया, थाना बिहपुर जं., मानसी जं., खगड़िया जं., बेगू सराय, बरौनी जं., हाजीपुर जं., सोनपुर जं., छपरा जं., सिवान जं., डोरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., बाराबंकी जं., लखनऊ जं., कानपुर सेंट्रल जं., इटावा, अलीगढ जं., खुर्जा जं., हापुड़ जं., मेरठ सिटी जं., मुज़फ्फरनगर सहारनपुर जं., अम्बाला कैंट जं., लुधियाना जं., जलंधर सिटी जं. एवं ब्यास जं. स्टेशन।

### 09075/09076 मुंबई सेन्ट्रल – काठगोदाम – मुंबई सेन्ट्रल सुपरफास्ट होली स्पेशल रेलगाड़ी — 32 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09075 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09076 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 11:00 | मुंबई सेन्ट्रल | 20:55 | -- |
| 14:30 | -- | काठगोदाम | -- | 17:30 |

**चलने की तिथि : 09075 मुंबई सेन्ट्रल** से दिनांक 12.03.2025 से 25.06.2025 (प्रत्येक बुधवार को) एवं **09076 काठगोदाम** से दिनांक 13.03.2025 से 26.06.2025 तक (प्रत्येक गुरूवार को)।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** बोरीवली, वापी, वलसाड, उधना जं., वडोदरा, रतलाम, डकनिया तालाव, गंगापुर सिटी, हिण्डौन सिटी, भरतपुर, मथुरा, हाथरस सिटी, कासगंज, बदाऊँ, बरेली जं., बरेली सिटी, इज्जतनगर जं., बहेड़ी, किच्छा, लालकुआँ जं. एवं हल्द्वानी स्टेशन।

### 09101/09102 वडोदरा जं. – हरिद्वार – वडोदरा जं. होली स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 8 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09101 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09102 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 19:00 | वडोदरा जं. | 11:25 | -- |
| 14:30 | -- | हरिद्वार | -- | 17:20 |

**चलने की तिथि : 09101 वडोदरा जं.** से दिनांक 08.03.25, 15.03.25, 22.03.25 एवं 29.03.2025 (प्रत्येक शनिवार को) एवं **09102 हरिद्वार** से दिनांक 09.03.25, 16.03.25, 23.03.25 एवं 30.03.2025 (प्रत्येक रविवार को)।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** गोधरा जं., दाहोद, रतलाम जं., नागदा जं., कोटा जं., गंगापुर सिटी, मथुरा जं., हज़रत निजामुद्दीन, गाजियाबाद जं., मेरठ नगर जं., मुज़फ़्फ़र नगर, टपरी जं. एवं रूड़की स्टेशन।

### 04064/04063 नई दिल्ली– गया जं. – नई दिल्ली सुपरफास्ट होली स्पेशल रेलगाड़ी — 8 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04064 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04063 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 09:30 | नई दिल्ली | 23:35 | -- |
| 01:50 | -- | गया जं. | -- | 06:40 |

**चलने की तिथि : 04064 नई दिल्ली** से दिनांक 06.03.25, 10.03.25, 13.03.25 एवं 17.03.2025 (सोमवार एवं गुरूवार को) एवं **04063 गया जं.** से दिनांक 07.03.25, 11.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.2025 (मंगलवार एवं शुक्रवार को)।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम जं. एवं डेहरी ऑनसोन स्टेशन।

### 04070/04069 आनन्द विहार टर्मि. – राजगीर – आनन्द विहार टर्मि. सुपरफास्ट होली स्पेशल रेलगाड़ी — 8 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04070 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04069 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 00:20 | आनन्द विहार टर्मि. | 19:00 | -- |
| 19:50 | -- | राजगीर | -- | 23:30 |

**चलने की तिथि : 04070 आनन्द विहार टर्मि.** एवं **04069 राजगीर** से दिनांक 07.03.25, 11.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.2025 को।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता. एवं सामान्य।
**ठहराव:** गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, आरा आरा जं., पटना जं., बख्तियारपुर जं. एवं बिहार शरीफ जं. स्टेशन।

### 04018/04017 आनन्द विहार टर्मि. – मुज़फ़्फ़रपुर जं. – आनन्द विहार टर्मि. आरक्षित होली स्पेशल रेलगाड़ी — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04018 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04017 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 09:00 | आनन्द विहार टर्मि. | 06:00 | -- |
| 06:00 | -- | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | -- | 07:30 |

**चलने की तिथि: 04018 आनन्द विहार टर्मि.** से दिनांक 06.03.25, 13.03.25 एवं 20.03.2025 (प्रत्येक गुरूवार को) एवं **04017 मुज़फ़्फ़रपुर जं.** से दिनांक 07.03.25, 14.03.25 एवं 21.03.2025 (प्रत्येक शुक्रवार को)।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शहाजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर, कप्तानगंज, नरकटियागंज जं., सगौली जं. एवं बापूधाम मोतीहारी स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

### 04066/04065 नई दिल्ली – सहरसा जं. – नई दिल्ली आरक्षित होली स्पेशल रेलगाड़ी — 8 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04066 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04065 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 21:35 | नई दिल्ली | 23:30 | -- |
| 22:00 | -- | सहरसा जं. | -- | 23:55 |

**चलने की तिथि : 04066 नई दिल्ली** से दिनांक 06.03.25, 10.03.25, 13.03.25 एवं 17.03.2025 एवं **04065 सहरसा जं.** से दिनांक 07.03.25, 11.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.2025।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** चिपयाना बुजुर्ग, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा जं., दानापुर, पाटलिपुत्र जं., सोनपुर, हाजीपुर जं., मुज़फ़्फ़रपुर जं., समस्तीपुर जं. दलसिंह सराय, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. स्टेशन।

### 04030/04029 आनन्द विहार टर्मि. – मुज़फ़्फ़रपुर जं. – आनन्द विहार टर्मि. होली स्पेशल रेलगाड़ी — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04030 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04029 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 09:00 | आनन्द विहार टर्मि. | 06:00 | -- |
| 06:00 | -- | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | -- | 07:30 |

**चलने की तिथि : 04030 आनन्द विहार टर्मि.** से दिनांक 08.03.25, 11.03.25, 15.03.25 एवं 18.03.2025 को एवं **04029 मुज़फ़्फ़रपुर जं.** से दिनांक 09.03.25, 12.03.25, 16.03.25 एवं 19.03.2025 को।
**स्थान:** 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शहाजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर, कप्तानगंज, नरकटियागंज जं., सगौली जं. एवं बापूधाम मोतीहारी स्टेशन।

### 04062/04061 दिल्ली जं. – पटना जं. – दिल्ली जं. सुपरफास्ट होली स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 24 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04062 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04061 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:55 | दिल्ली जं. | 10:25 | -- |
| 16:40 | -- | पटना जं. | -- | 17:50 |

**चलने की तिथि : 04062 दिल्ली जं.** से दिनांक 06.03.2025 से 17.03.2025 तक (प्रतिदिन) एवं **04061 पटना जं.** से दिनांक 07.03.2025 से 18.03.2025 तक (प्रतिदिन) **स्थान:** 3 टियर वाता. एवं इकोनॉमी।
**ठहराव:** गाजियाबाद, चिपयाना बुजुर्ग, कानपुर सेन्ट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा जं. एवं दानापुर स्टेशन

### 04602/04601 अमृतसर जं. – सहरसा जं. – अमृतसर जं. सुपरफास्ट होली स्पेशल रेलगाड़ी — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04602 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04601 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 20:10 | अमृतसर जं. | 18:20 | -- |
| 05:00 | -- | सहरसा जं. | -- | 10:00 |

**चलने की तिथि : 04602 अमृतसर जं.** से दिनांक 08.03.25, 12.03.25 एवं 16.03.2025 को एवं **04061 सहरसा जं.** से दिनांक 10.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.2025 को।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** ब्यास जं., जलंधर सिटी जं., लुधियाना, सरहिंद, राजपुरा, अम्बाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., सीवान जं., छपरा, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., बरौनी जं., बेगू सराय, खगड़िया जं. एवं सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन।

### 04502/04501 सरहिंद जं. – जय नगर जं. – सरहिंद जं. सुपरफास्ट होली स्पेशल रेलगाड़ी — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04502 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04501 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 13:00 | सरहिंद जं. | 05:15 | -- |
| 19:45 | -- | जय नगर जं. | -- | 23:30 |

**चलने की तिथि : 04502 सरहिंद जं.** से दिनांक 07.03.25, 13.03.25 एवं 17.03.2025 को एवं **04501 जय नगर जं.** से दिनांक 8.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.2025 को।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** राजपुरा, अंबाला कैंट, बराड़ा, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, अयोध्या धाम, मानकापुर जं., बस्ती, गोरखपुर, छपरा जं., हाजीपुर जं., मुज़फ़्फ़रपुर जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी स्टेशन।

### 04302/04301 योग नगरी ऋषिकेश – मुज़फ़्फ़रपुर जं. – योग नगरी ऋषिकेश आरक्षित होली स्पेशल रेलगाड़ी — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04302 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04301 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 09:20 | योग नगरी ऋषिकेश | 08:10 | -- |
| 07:30 | -- | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | -- | 09:00 |

**चलने की तिथि : 04302 योग नगरी ऋषिकेश** से दिनांक 06.03.25, 10.03.25, 13.03.25 एवं 17.03.2025 को एवं **04301 मुज़फ़्फ़रपुर जं.** से दिनांक 07.03.25, 11.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.2025 को। **स्थान:** 2 टियर वाता. सह 3 टियर वाता. शयनयान।
**ठहराव:** हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपु, सिवान, छपरा एवं हाज़ीपुर स्टेशन।

### 05082 बनारस – सिकन्दराबाद जं. वन वे होली स्पेशल रेलगाड़ी — 01 फेरा

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05082 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| बनारस | -- | 18:00 |
| वाराणसी जं. | 18:15 | 18:25 |
| सिकन्दराबाद जं. | 22:30 | -- |

**चलने की तिथि : 05082 बनारस** से दिनांक 05.03.25 को। **स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** वाराणसी जं., प्रयागराज छिवकी जं., सतना जं., मैहर, कटनी जं., जबलपुर जं., इटारसी जं, घोड़ाडोंगरी, बैतूल, नागपुर जं., सेवाग्राम जं., चन्द्रपुर, बल्हारशाह, सिरपूरकागजनगर, बेल्लमपल्ली, मंचेरियाल, रामगुंडम, पेद्दपल्ली जं., जम्मीकुटा एवं काजीपेट जं. स्टेशन।

### 03697/03698 गया जं. – दिल्ली जं. – गया जं. सुपरफास्ट एक्सप्रेस होली स्पेशल रेलगाड़ी (सप्ताह में 6 दिन) — 44 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 03697 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 03698 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 14:15 | गया जं. | 00:30 | -- |
| 07:45 | -- | दिल्ली जं. | -- | 08:55 |

**चलने की तिथि : 03697 गया जं.** से दिनांक 06.03.2025 से 31.03.2025 तक (रविवार को छोड़कर) एवं **03698 दिल्ली जं.** से दिनांक 07.03.2025 से 01.04.2025 तक (सोमवार को छोड़कर)
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑनसोन, सासाराम जं., भभुआ रोड, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं गोविन्दपुरी स्टेशन।

### 04014/04013 नई दिल्ली – जय नगर – नई दिल्ली आरक्षित होली स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04014 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04013 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 05:00 | नई दिल्ली | 19:55 | -- |
| 12:00 | -- | जय नगर | -- | 17:00 |

**चलने की तिथि : 04014 नई दिल्ली** से दिनांक 06.03.25, 10.03.25, 13.03.25 एवं 17.03.2025 एवं **01413 जय नगर** से दिनांक 07.03.25, 11.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.2025 को
**स्थान:** 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, राय बरेली, अमेठी, माँ बेल्हा देवी धाम, वाराणसी, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा जं., दानापुर, पाटलिपुत्र, हाज़ीपुर जं., मुज़फ़्फ़रपुर जं. एवं सीतामढ़ी जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी स्टेशन।

### 04028/04027 आनन्द विहार टर्मि. – जोगबनी – आनन्द विहार टर्मि. आरक्षित होली स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04028 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04027 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:55 | आनन्द विहार टर्मि. | 12:25 | -- |
| 03:00 | -- | जोगबनी | -- | 09:45 |

**चलने की तिथि : 04028 आनन्द विहार टर्मि.** से दिनांक 06.03.25, 13.03.25 एवं 20.03.2025 को एवं **04027 जोगबनी** से दिनांक 08.03.25, 15.03.25 एवं 22.03.2025 को
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली,शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया, सदर, सिवान जं. छपरा जं., सोनपुर जं., हाज़ीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगू सराय, खगड़िया जं., नवगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया एवं फारबिसगंज जं. स्टेशन।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## संक्षिप्त डायरी

# युवक की हत्या, परिवार ने हाइवे जाम किया



**लखनऊ।** में ट्रक ड्राइवर कुलदीप रावत (32) की हत्या को लेकर बनी-मोहान रोड पर जमकर हंगामा हुआ। बंथरा इलाके में लोगों ने सड़क पर शव रखकर विरोध प्रदर्शन किया। दो घंटे तक हाइवे पर वाहनों का लंबा जाम लग गया। परिवार वाले हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी और 25 लाख रुपए के मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। पुलिस ने आरोपियों की फोटो दिखाकर गिरफ्तारी की बात कही, लेकिन पत्नी बात मानने को तैयार नहीं थीं। हालांकि बाद में पुलिस ने सभी को समझाकर हाईवे को खाली कराया। दरअसल, कुलदीप रविवार को टहलने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन घर नहीं लौटा। सोमवार को उसका सड़क किनारे शव मिला था। सिर से खून निकल रहा था। भाई बोला- बिरयानी के दुकानदार ने की हत्या सोमवार शाम को पोस्टमॉर्टम के बाद कुलदीप का शव घर पहुंचा। आरोपियों कि गिरफ्तारी नहीं होने से परिजन नाराज थे। उन्होंने शव का अंतिम संस्कार नहीं किया। मृतक के बड़े भाई रंजीत का कहना है कि आरोपी बल्ले शराब दुकान के बगल में बिरयानी की दुकान चलाता है। भाई उसकी दुकान पर गया था। इस दौरान बल्ले और दुकान में काम करने वाले दो लोगों ने भाई की हत्या कर दी।मंगलवार सुबह करीब 10 बजे मृतक के परिजन शव को शराब दुकान के पास लेकर पहुंचे। यहां बनी-मोहान रोड पर रखकर प्रदर्शन करने लगे। रोड जाम होने पर बंथरा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस समझाने की कोशिश करती रही। लेकिन, परिजन हत्यारों की गिरफ्तार की मांग पर अड़े रहे। कुछ देर बाद पुलिस ने बल्ले उर्फ दीपू, शेरा और रामसेवक को गिरफ्तार कर लिया।

# शिविर में अनुपस्थित मिले अधिकारी



**औरैया।** के जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने विकास खंड सहार की ग्राम पंचायत माधवपुर में आयोजित आरोग्यम शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में जन सेवा केंद्र संचालक, लेखपाल और विद्युत विभाग के अधिकारी अनुपस्थित मिले। डीएम ने नाराजगी जताते हुए तत्काल उन्हें बुलवाया। डीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों को आगामी शिविरों में अनिवार्य उपस्थिति के निर्देश दिए। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को अवर अभियंता स्तर के अधिकारी की तैनाती का आदेश दिया, जिससे बिजली बिल संबंधी समस्याओं का मौके पर समाधान हो सके। स्वास्थ्य सेवाओं के तहत रक्त जांच, टीबी जांच और वजन मापन की व्यवस्था की समीक्षा की गई। डीएम ने गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष जांच की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसमें हीमोग्लोबिन, वजन की जांच और पोषण संबंधी परामर्श शामिल है। शिविर में उपस्थित रहने के निर्देश

जिलाधिकारी ने जरूरतमंद लोगों के लिए आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड और राशन कार्ड बनवाने की व्यवस्था करने को कहा। लेखपालों को फार्मर रजिस्ट्री और खसरा पड़ताल सहित राजस्व संबंधी कार्यों के निस्तारण के लिए शिविर में उपस्थित रहने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख ऋषि सिंह, खंड विकास अधिकारी राजनारायण, ग्राम प्रधान रामनरेश सहित अन्य अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

# ढाढा चीनी मिल द्वारा बसंतकालीन गन्ना विकास गोष्ठी आयोजित



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** जनपद के फाजिलनगर ब्लाक स्थित जौरा बाजार में कृषक गोष्ठी का आयोजन किसान बृजराज यादव (अधिशासी अभियंता विद्युत) के आवास पर किया गया। गोष्ठी में डीसीओ देवरिया धनी राम वर्मा, एससीडीआई अनुज कुमार, कृषि वैज्ञानिक सेवरही शोध संस्थान डॉ विनय कुमार मिश्रा, हाटा चीनी मिल से डीजी एएम डी डी सिंह, केन मैनेजर संजय कुमार सिंह, ब्लॉक इंचार्ज अजय कुमार सिंह तथा क्षेत्र इंचार्ज दीपांकर कुमार यदुवंशी, विष्णु कांत मिश्रा, राहुल कुमारने बसन्त कालीन बुआई, ऑटोमैटिक केन प्लांटर से गन्ना बुआई, बीज सुरक्षण, छोटा ट्रैक्टर, हाटा चीनी मिल द्वारा संचालित कार्यक्रम लेबर लेस खेती पर गन्ना बुवाई से लेकर कटाई तक सारे कृषि यंत्रों पर सब्सिडी देने, एसएसटी द्वारा गन्ना की बुआई पर चर्चा की।

किसान दयाशंकर मिश्रा ने अध्यक्षता की। इस दौरान सेक्शन ऑफिसर अनुभाग सचिवालय लखनऊ महातम यादव, हरिशंकर उपाध्याय पूर्व प्रधानाचार्य जौरा बाजार, गोवर्धन सिंह, केशव सिंह, शंभु राय, युगल गुप्ता, शिवकुमार सिंह, संजय राव, रमाकांत यादव वीरेन्द्र राव, महेश बाबू आदि किसान मौजूद थे।

# गौ कश,गौ वंश चोरी करके अलीपुरा के जंगल मे गौ कशी




**उत्तर प्रदेश :** रात्रि 22: 30 मुखबिर ने सूचना दी की आज दो गौ कश,गौ वंश चोरी करके अलीपुरा के जंगल मे गौ कशी करेंगे जो फंदपुरी की तरफ से अलीपुरा की तरफ आ रहे हैं सूचना पर मै sho नरेन्द्र कुमार शर्मा मय फोर्स ब sho कपिल देव चिलकाना मय फोर्स के अलीपुरा बम्बे पटरी पर पहुँचे फंदपुरी की तरफ दो मोटर साईकिल सबार को रुकने का इशारा किया, हम पुलिस पर जान से मारने की नियत से फायर किये, हम पुलिस बालो न आत्म रक्षा मे फायर किया, जिसमे एक बदमाश के दाहिनी टांग मे गोली लगी घायल अवस्था मे गिरफ्तार किया एक बदमाश मौके का रात्रि अँधेरे का फायदा उठा कर भाग गया, पकड़े गये गौ कश का नाम फेजान पुत्र इमरान कुरैशी निवासी चिलकाना जिसके कब्जे से एक तमँचा 315 बोर दो जिन्दा ब दो खोखा कारतूस ब गौ कशी के उपकरण ब एक तोलने का काटा ब पिलास्टिक की पंन्नी ब दो प्लास्टिक के कट्टे ब एक बोरा ब एक चादर ब एक मोटर साईकिल बिना नंबर की बरामद हुई,

# दूल्हे के पिता की मौत से खुशियां मातम में बदली



**आज का मुद्दा बुलंदशहर :** स्याना के गांव वैरा फिरोजपुर में एक पिता की मौत ने शादी की खुशियों को मातम में बदल दिया। 55 वर्षीय ग्रामीण रवि करण अपने बेटे संजीव की शादी के लिए जहांगीराबाद गए थे। शादी समारोह के दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजन तुरंत उन्हें निजी अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने बताया कि उन्हें हार्ट अटैक आया है। उपचार के दौरान ही रवि करण का निधन हो गया। परिवार में कोहराम मच गया। गमगीन माहौल में भी शादी की रस्में पूरी की गईं। मंगलवार को शोक की छाया में मृतक किसान का अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बेटे संजीव ने बताया कि पिता की अचानक तबीयत खराब हुई थी। उन्हें तुरंत डॉक्टर के पास ले जाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी।

# बहराइच होली खेलेंगे रघुवीरा,झुल्लुर दादा से सजेगी शाम

**ब्यूरो रिपोर्ट दिलशाद अहमद आज का मुद्दा**

बहराइच।होलिकोत्सव पर्व के मद्देनजर तैयारियां अंतिम दौर में है।जिला प्रशासन व बहराइच होली समिति (रजि.) के समन्वय से होली पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए बैठकों का दौर जारी है।वहीं जनपद में अमन,चैन व शांति के लिए थानावार पीस कमेटी की बैठकें आयोजित किये जा रहे है।होलिकोत्सव महोत्सव के लिए बहराइच होली समिति के पदाधिकारियों,सदस्यों व कार्यकताओं की एक बैठक समिति के महामंत्री सुमित खन्ना के गुदड़ी स्थित आवास पर आयोजित हुई।बैठक में होली पर्व की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष दीपक प्रकाश सोनी दाऊ जी ने किया।बैठक में कृष्ण गोपाल तायल,सुरेश गुप्ता,सुदामा मिश्रा,मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, कन्हैया सोनी,विष्णु कुमार शर्मा,उमा शंकर सोनी,राजेन्द्र कुमार उर्फ युवराज,मंदीप सिंह वालिया,योगेंद्र श्रीवास्तव, राजेन्द्र कुमार गुप्ता,अंकित सिंह,नितिन रूपानी, आनन्द कुमार कक्कू,अनुराग रस्तोगी,राहुल रॉय, देवेन्द्र कुमार मिश्रा,मनीष रस्तोगी,अमित टण्डन,मनोज मिर्ची सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**होलिका दहन का मुहूर्त रात्रि 11.45 के बाद**

बहराइच होली समिति की बैठक में बताया गया कि होली का पर्व 12 मार्च से शुरू हो जाएगा।होलिका दहन 13 मार्च को रात्रि 11.45 मुहूर्त के उपरांत विधि विधान से पूजन अर्चन के साथ किया जाएगा।तत्पश्चात शुक्रवार 14 मार्च को मुख्य होली का पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

**होलिका दहन के दिन घण्टाघर पर होगी चिता भस्म मसान होली**

बहराइच होली समिति के तत्वावधान में महाकाल सेवक मण्डल द्वारा आयोजित होलिका दहन के अवसर पर शहर के घण्टाघर प्रांगण में रात्रि नौ बजे से चिता भस्म मसान होली का भव्य आयोजन किया जाएगा।भस्म मसान होली में बरेली,लखीमपुर, लखनऊ व अन्य जिलों के कलाकार शामिल होंगे।कार्यक्रम को रोमांचक,सजीवता के लिए समिति की ओर से तैयारियां की जा रही है।

**नर सिंह शोभायात्रा में होली खेलेंगे रघुवीरा**

इस बार होली पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाने के लिए समिति कटिबद्ध है।पूर्व में चली आ रही परम्परा को जीवंत रखने के लिए समिति ने इस बार नर सिंह शोभायात्रा की पुन: शुरूआत की है।मुख्य होली पर्व 14 मार्च को प्रात: नौ बजे शहर के पंचायती मन्दिर से नर सिंह शोभायात्रा निकाली जाएगी।शोभायात्रा में भगवान स्वरूप राम जी,लक्ष्मण जी फूलों व रंगों से शहर वासियों को सराबोर करेंगे।यह शोभायात्रा पंचायती मन्दिर से शुरू होकर छावनी चौराहा, घण्टाघर,पीपल तिराहा होते हुए श्री हनुमान मंदिर चौक बाजार पर समाप्त होगी।शोभायात्रा का जगह जगह पुष्पवर्षा से स्वागत भी किया जाएगा।

**घण्टाघर पर होगा होली मिलन व उपाधि वितरण**

होली पर्व के मुख्य दिवस के दिन सायं काल घण्टाघर के प्रांगण में होली मिलन व उपाधि वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।उल्लेखनीय हो कि होली मिलन के दिन पूरे जनपद से लोग यहां आकर एक दूसरे को गले लगकर होली की बधाई प्रेषित करते है।होली समिति द्वारा जनपद के गणमान्य लोगों को उपाधि प्रदान की जाती है।

**प्ले बैक सिंगर झुल्लूर दादा टीम के साथ करेंगे परफॉर्मेस**

सोशल मीडिया में अपनी गायकी से पहचान बनाने वाले प्ले बैक सिंगर झुल्लुर दादा अपने ग्रुप के साथ शनिवार 15 मार्च को सांस्कृतिक कार्यक्रम के दिन घण्टाघर प्रांगण में परफॉर्मेस देंगे।सिंगर झुल्लुर दादा सोशल मीडिया में चर्चित चेहरा है जिनका गाया हुआ गीत " ये पहली बार का मिलना भी कितना पागल कर देता " लाखों बार सुना जा चुका है।सांस्कृतिक कार्यक्रम के दिन हास्य,व्यंग्य,ग्रुप नृत्य ,गीत ,संगीत का कार्यक्रम भी होगा।वहीं 15 मार्च शनिवार को त्रिमुहानी घाट स्थित श्री हनुमानजी के मन्दिर पर सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक होली मिलन एवं भजन,कीर्तन,प्रसाद का कार्यक्रम रखा गया है।इन कार्यक्रमों को लेकर बहराइच होली समिति तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे है।


## उत्तर रेलवे

**ई-निविदा (ई-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| 1. | **कार्य का नाम:** एडीईएन/एनडीएलएस के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एनडीएलएस खंड में फुट ओवर ब्रिज के प्रक्षेपित/कैंटिलीवर भाग की मरम्मत। |
| 2. | **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये):** ₹ 99,97,034.48/- (रूपये निन्यानवे लाख सत्तानबे हजार चौंतीस और अड़तालीस पैसे मात्र) |
| 3. | **बयाना राशि (रुपये):** ₹ 2,00,000/- (रूपये दो लाख मात्र) |
| 4. | **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये):** ₹ 0.00/- |
| 5. | **निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय:** 26.03.2025 को 15:00 तक। |
| 6. | **वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है:** निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7. | **आवंटन:** 04-310-32 |

- ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

**सं: 128-W/280/ई-निविदा सूचना/45/2024-25/W-3 दिनांक: 04.03.2025** 690/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## यूपी में सपा नेता की गला रेत कर हत्या, गांव में तनाव के चलते पुलिस बल तैनात

जौनपुर (एजेंसी)। यूपी के जौनपुर में बाइक सवार बदमाशों ने धारदार हथियार से सोमवार देर रात समाजवादी पार्टी नेता की गला काट कर हत्या कर दी। उनका शव परियावा गांव में टेलीफोन एक्सचेंज के पास सड़क किनारे मिला। हत्या के बाद वहां लोगों में आक्रोश फैल गया। हत्या की जानकारी मिलते ही एसपी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। तनाव को देखते हुए गांव में फोर्स तैनात कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक लाइन बाजार थाना क्षेत्र परियावां गांव के रहने वाले राजेश यादव नाटे सक्रिय सपा कार्यकर्ता थे। वह बूथ अध्यक्ष थे। सोमवार देर रात उनका शव गांव के ही टेलीफोन एक्सचेंज के पास सड़क किनारे मिला। उनका गला काटकर हत्या की गइ थी। किसी ने सपा नेता का शव देखा तो शोर मचाया। सपा नेता का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। लोगों ने पुलिस और परिजनों को सूचना दी। पुलिस को लोगों से पूछताछ चुनावी रंजिश और वर्चस्व में हत्या किए जाने की बात सामने आई है। परिजन की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सपा नेता की हत्या की सूचना मिलते ही सपा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्या मौके पर पहुंचे और मीडिया से बातचीत में कहा कि मृतक राजेश यादव हमारे पार्टी का बूथ अध्यक्ष थे, जो रात में बाजार से घर लौट रहे थे। रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे बाइक सवार बदमाशों ने राजेश यादव की हत्या कर फरार हो गए। वहीं कानून व्यवस्था पर भी सपा जिलाध्यक्ष राकेश ने सवाल उठाए हैं। एसपी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर घटनास्थल का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने बताया कि हत्या की जांच शुरू कर दी गई है और टीम गठित की गई है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी हो जाएगी।

## ओडिशा हाईकोर्ट ने 13 साल की रेप पीड़ित को गर्भपात की अनुमति दी

कटक (एजेंसी)। ओडिशा हाईकोर्ट ने 6 माह (27 हफ्ते) की गर्भवती 13 साल की रेप पीड़ित को गर्भपात (अबॉर्शन) की अनुमति दी है। पीड़िता सिकल सेल एनीमिया और मिर्गी से पीड़ित है। कोर्ट ने माना कि प्रेग्नेंसी से बच्ची के जीवन और सेहत को गंभीर खतरा है। बीमारियों की वजह से बच्चे को जन्म देना उसके लिए बहुत खतरनाक हो सकता था। कंधमाल निवासी पीड़ित अनुसूचित जाति (एससी) से है। पिछले साल एक लड़के ने उसके साथ कई बार रेप कर जान से मरने की धमकी दी। इस डर से बच्ची ने घर पर कुछ नहीं बताया। जब बच्ची की तबीयत बिगड़ने लगी, तब मां डॉक्टर के पास ले गई। इसके बाद रेप का मामला सामने आया। 11 फरवरी को पीड़ित के माता-पिता ने एफआईआर दर्ज करवाई। बच्ची की मेडिकल जांच हुई। जांच में प्रेग्नेंसी सामने आई। इसके बाद मामला उड़ीसा हाईकोर्ट पहुंचा, जहां बच्ची के पिता ने गर्भपात की इजाजत मांगी। इसके बाद कोर्ट ने मेडिकल कॉलेज को मेडिकल बोर्ड बनाने का आदेश दिया था। बोर्ड ने कोर्ट को बताया कि प्रेग्नेंसी से बच्ची के फिजिकल और मेंटल हेल्थ को गंभीर खतरा होगा।रिपोर्ट के बाद राज्य सरकार ने याचिका पर कोई आपत्ति नहीं जाहिर की।

## मार्च में ही गर्मी दिखाने लगी असर, कई जिलों में पारा 35 से 38 डिग्री पार

### -होली पर गर्म हवाएं चलने का मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। इस बार मार्च में तेज गर्मी झेलनी पड़ सकती है। सर्दी के मौसम में तुलनात्मक रूप से बारिश कम हुई है। इसके असर से तापमान में बढ़त देखने को मिल रही है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि इस बार मार्च में कई जिलों में तापमान 35 से 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। आगरा गर्म रहने वालों जिलों में से एक है। बुधवार से यहां दिन में तेज हवाएं चलेंगी। इस बार मार्च से मई के बीच अधिकतम और न्यूनतम तापमान के सामान्य से अधिक रहने के संकेत हैं, बल्कि हीटवेव में भी इजाफा हो सकता है। होली पर भी लू चल सकती है। सर्दियों में पश्चिमी विक्षोभों की सक्रियता में कमी रही। यही कारण है कि सामान्य से 88 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई है। इससे फरवरी का अंत असामान्य रूप से गर्म रहा है। इन गर्मियों में भी पश्चिमी विक्षोभों की सक्रियता में कमी रहने का अनुमान है। प्रशांत महासागर में कमजोर ला-नीना परिस्थितियों के आगामी सीजन के दौरान तटस्थ नीनो परिस्थितियों में संभावित परिवर्तन के आसार हैं। मौसम विभाग की मानें तो बुधवार और गुरुवार को आगरा में तेज सतही हवाएं चलेंगी। इन दोनों दिनों में दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक आगरा में दिन का तापमान 31.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। ये सामान्य से 3.7 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। न्यूनतम तामपान 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। ये सामान्य से 3.8 डिग्री सेल्सियस कम है। हवा में आर्द्रता 75 फीसदी रही है। चिकित्सकों के मुताबिक स्वास्थ्य के प्रति सावधानी जरूरी है।

## पाकिस्तानी लड़की ने की सीआरपीएफ जवान से शादी, 15 दिन के वीजा पर आई भारत

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू के भलवाल गांव में एक अनोखी प्रेम कहानी सामने आई है। सीआरपीएफ जवान मुनीर अहमद ने पाकिस्तानी दुल्हन मनेल खान से शादी की है। मनेल 15 दिन के वीजा पर भारत आई हैं। ये शादी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई थी। भारत-पाकिस्तान के तनावपूर्ण रिश्तों के बीच यह शादी चर्चा का विषय बन गई है। मुनीर अहमद सीआरपीएफ में जवान हैं और शिव खोरी, रियासी जिले, जम्मू-कश्मीर में तैनात हैं। उनकी दुल्हन मनेल खान पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के गुजरांवाला इलाके के मोहम्मद असगर खान की बेटी हैं। 24 मई 2024 को दोनों ने अनोखे अंदाज में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शादी की थी, क्योंकि वीजा मिलने में दिक्कत थी। शादी के बाद मनेल को 15 दिन का वीजा मिला। इसके बाद वह अटारी-वाघा बॉर्डर के रास्ते भारत आई हैं। ससुराल वालों ने उनका परंपरागत तरीके से स्वागत किया। मनेल के आने की खबर सुनकर गांव वाले भी उन्हें देखने के लिए उमड़ पड़े।

# क्या दक्षिण भारत से होगा बीजेपी का नया अध्यक्ष? इन नामों को लेकर अटकलों का दौर जारी

### -दोनों की कीमत और मेंटेनेंस भी काफी कम, क्षमताएं भी एडवांस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी को होली के बाद और 21 मार्च से पहले किसी भी समय अपना अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलने की संभावना है। इसको लेकर लगातार चर्चाओं का दौर जारी है। माना जाता है कि 21 से 23 मार्च तक बैंगलोर में होने वाली राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक से पहले भाजपा को अपना नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। हालांकि, भाजपा का नया अध्यक्ष कौन होगा, इसपर फैसला अब तक नहीं हो सका है। हालांकि, कई नामों को लेकर अटकलों का दौर जारी है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए पार्टी संविधान के तहत 50 फीसदी राज्यों में संगठन चुनाव को लेकर भाजपा नए सिरे से सक्रिय हो गई है। चयनित राज्यों को 14 मार्च तक संगठन चुनाव कराने का निर्देश दिया गया है। अब तक, पार्टी 50 प्रतिशत की कसौटी पर खरा उतरने के लिए आवश्यक 18 राज्यों में से केवल 12 में ही संगठनात्मक चुनाव करा पाई है। बीजेपी के एक सूत्र की मानें तो अगले कुछ दिनों में पार्टी बाकी छह राज्यों में अपने संगठनात्मक चुनाव संपन्न कराने के लिए कड़ी मेहनत करेगी।



आने वाले वर्षों में भाजपा का मुख्य फोकस दक्षिण पर होगा, इसलिए संभावना है कि अगला भाजपा अध्यक्ष विंध्य के दक्षिण से आएगा। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी, जो आंध्र प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष भी थे, का नाम चर्चा में है। संयोग से, वह उस राज्य से आते हैं जिसने बंगारू लक्ष्मण को जन्म दिया, जो आगे चलकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। एक और नाम जो दक्षिण से चर्चा में है वह आंध्र प्रदेश से भी है - दग्गुबाती पुरंदेश्वरी, जो वर्तमान में एनडीए शासित राज्य में भाजपा प्रमुख हैं।

बीजेपी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष और कोयंबटूर से विधायक वनाथी श्रीनिवासन की भी चर्चा हो रही है। हालाँकि, पिछले साल की शुरुआत से, धर्मेंद्र प्रधान, विनोद तावड़े और भूपेन्द्र यादव का नाम लगातार उनकी संगठनात्मक क्षमता और टीम वर्क मानसिकता के कारण संभावितों में शामिल हो रहा है। जब उनसे अगले संभावित बीजेपी अध्यक्ष के बारे में पूछा गया तो बीजेपी सूत्र ने हंसते हुए कहा, 'हम भी उतना ही जानते हैं जितना आप अगले बीजेपी अध्यक्ष के बारे में जानते हैं। दरअसल, हम नए नामों के बारे में जानने के लिए टीवी या वेबसाइट देखते हैं।'

## किसान चंडीगढ़ कूच करते उसके पहले ही पुलिस ने कर दिया बड़ा एक्शन, कई नेता हिरासत में

टांडा (एजेंसी)। पंजाब में संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा 5 मार्च को चंडीगढ़ में धरना प्रदर्शन के ऐलान के बाद पुलिस एक्शन में आ गई है। इसके चलते पुलिस ने अनेक किसान नेताओं के घरों पर छापेमारी कर उन्हें हिरासत में ले लिया। जानकारी अनुसार किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल को रात करीब 2:30 बजे हिरासत में लिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष जंगवीर सिंह चौहान को टांडा पुलिस ने सुबह 4 बजे उनके गांव रसूलपुर से हिरासत में लिया। बीकेयू कादियां के जिला लुधियाना अध्यक्ष हरदीप सिंह ग्यासपुरा, मोहन सिंह संधेर, और बलबीर सिंह खीरनिया को भी हिरासत में लिया गया। समराला विधानसभा क्षेत्र में करीब एक दर्जन जगहों पर छापेमारी कर कई अन्य किसान नेताओं को भी हिरासत में लिया गया। गौरतलब है कि सीएम भगवंत मान और किसान नेताओं के बीच चली बैठक बेनतीजा रही है। चंडीगढ़ कूच से पहले किसान संगठनों और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के बीच बातचीत हुई थी, लेकिन बैठक विवादों में घिर गई। सीएम भगवंत मान ने किसानों से चक्का जाम और आंदोलन न करने की अपील की, लेकिन किसानों ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया, जिससे सीएम बीच में ही बैठक छोड़कर चले गए। इस बैठक के बाद सीएम भगवंत मान ने एक्स पर लिखा– सड़कों और रेल को रोकना किसी समस्या का हल नहीं है। इससे आम जनता को परेशानी होती है और कारोबार प्रभावित होता है।

## नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच मल्लिकार्जुन खड़गे से मिले डीके शिवकुमार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कर्नाटक के नेतृत्व पर नए सिरे से चर्चा के बीच कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। यह बैठक वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरप्पा मोइली द्वारा मुख्यमंत्री पद के लिए शिवकुमार का पुरजोर समर्थन करने के कुछ दिनों बाद हुई। हालांकि, शिवकुमार ने कहा कि खड़गे से मुलाकात प्रोटोकॉल का मामला था। उन्होंने कहा कि वह मेरे अध्यक्ष हैं। वह मेरे नेता है। एक प्रोटोकॉल है कि मुझे जाकर उन्हें रिसीव करना है, इसलिए मैं गया।

शिवकुमार ने कहा कि उन्होंने खड़गे को बेंगलुरु में नए कांग्रेस कार्यालय के शिलान्यास समारोह में भी आमंत्रित किया था। उन्होंने कहा कि हम बेंगलुरु में नए कांग्रेस कार्यालय की नींव रख रहे हैं। मैंने उन्हें इसके लिए भी आमंत्रित किया है। इससे पहले, मोइली ने कहा कि शिवकुमार ने अपने नेतृत्व और पार्टी को मजबूत करने के प्रयासों से यह पद हासिल किया है। उन्होंने कहा कि यहाँ-वहाँ बयान हो सकते हैं, लेकिन उन्हें मुख्यमंत्री बनने से कोई नहीं रोक सकता। कुछ लोग व्यक्तिगत कारणों से उनकी आलोचना कर सकते हैं, लेकिन इससे कुछ भी नहीं बदलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि शिवकुमार का नेतृत्व श्रद्धेय जैन देवता की तरह फलेगा-फूलेगा। उन्होंने कहा कि आपने (डीके शिवकुमार) अच्छा नेतृत्व दिया है। आपने पार्टी बनाई है। लोग बयानबाजी कर रहे हैं लेकिन आपको सीएम बनने से कोई नहीं रोक सकता। इसे लेकर उत्तेजित होने की जरूरत नहीं है। आपको सीएम बनने से कोई नहीं रोक सकता। मुख्यमंत्री बनना कोई ऐसी चीज़ नहीं है जिसे उपहार के रूप में दिया जाना चाहिए, यह कुछ ऐसा है जो उन्होंने कड़ी मेहनत से अर्जित किया है।

## आकाश आनंद का हो रहा था नया गुट तैयार, मायावती ने दिखाया बाहर का रास्ता

### -बसपा सुप्रीमो के करीबी नेताओं की हो रही थी उपेक्षा, इसलिए उठाया सख्त कदम

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** बसपा सुप्रीमो मायावती इस वक्त फुल एक्शन में हैं। वह अचानक लिए फैसलों से सबको हैरान कर रही हैं। इस बार तो उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को ही पार्टी से निकाल दिया है। पहले आकाश आनंद को मायावती ने नेशनल कॉर्डिनेटर के पद से हटाया और फिर सोमवार को उन्हें बसपा से ही बाहर निकाल दिया। उनके इस फैसले को पार्टी के अंदर पैदा हुए संकट से जोड़कर देखा जा रहा है।

मीडिया रिपोर्ट में पार्टी के आंतरिक सूत्रों का कहना है कि आकाश आनंद को मायावती ने उत्तराधिकारी घोषित किया था तो दिल्ली, राजस्थान समेत कई राज्यों का प्रभारी भी बनाया था। वह चुनाव की कमान संभाल रहे थे। उम्मीदवार उनके स्तर पर तय हो रहे थे तो वहीं प्रचार का भी वही नेतृत्व कर रहे थे। 2017 में आकाश आनंद के पिता आनंद कुमार को मायावती ने अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। इसके बाद 2019 में आकाश आनंद को राष्ट्रीय संयोजक बनाया। 2023 में उन्हें अपना राजनीतिक वारिस घोषित कर दिया। कुछ महीने सब ठीक चला, लेकिन लोकसभा चुनाव में आकाश के आक्रामक तेवरों और सीधे पीएम मोदी पर हमले को मायावती ने सही नहीं माना। उन पर एफआईआर हुई तो पद से ही हटा दिया। फिर से वापसी कराई गई तो आकाश को फिर सभी जिम्मेदारी मिल गई, लेकिन अब बाजी फिर पलट गई। बुआ मायावती ने आकाश से सारे पद छीने लिए हैं और उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। इसकी वजह यह बताई जा रही है कि आकाश का अपना एक गुट तैयार हो गया था। यह गुट मायावती के करीबी नेताओं की उपेक्षा कर रहा था। इससे बचने के लिए उन्होंने भतीजे को बाहर का रास्ता दिखा दिया। उनकी जगह पर अपने भाई आनंद कुमार को जिम्मेदारी सौंपी है और यह भी साफ कर दिया है कि कोई उनका राजनीतिक वारिस नहीं होगा। इस तरह उन्होंने सत्ता का कोई दूसरा केंद्र उभरने की संभावना ही खत्म कर दी है। रामजी गौतम को भी राष्ट्रीय संयोजक बनाया है, जो उनके बेहद करीबी हैं।

बसपा के कुछ नेताओं का कहना है कि आकाश आनंद को कमान मिली तो रामजी गौतम साइडलाइन हो गए थे। इसके अलावा भी मायावती के कई करीबी किनारे लगे थे। ऐसे में मायावती ने भतीजे को ही हटाना सही समझा ताकि कोई दूसरा गुट न उभर सके।



पहले से कमजोर बसपा में गुटबाजी होना उनके लिए चिंता की बात है। आकाश पर एक आरोप फंड में गड़बड़ी का भी लगा है। मायावती ने उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ को बाहर किया था और उनसे करीबी बनाए रखने की सजा भी उन्होंने भतीजे को दी है। इस तरह मायावती ने यह संदेश भी दिया है कि उनके लिए सब एक समान हैं। यदि कोई परिवार का है तो उसे वह कोई छूट नहीं देंगी।

## फास्टैग में लो बैलेंस या भुगतान में देरी हुई तो देना होगा अतिरिक्त शुल्क

### -सरकार के सख्त कदम से गलत टोल कटौती के मामलों में आई कमी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने सख्त कदम उठाए हैं और गलत टोल कटौती के मामलों में भारी कमी दर्ज की है। फास्टैग एक इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन सिस्टम है, जो गाड़ी के फ्रंट शीशे पर लगाया जाता है और आपके प्रीपेड वॉलेट से जुड़ा होता है। जब वाहन टोल प्लाजा से गुजरता है, तो रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) तकनीक के अपने आप भुगतान हो जाता है। एनपीसीआई के ताजा आंकड़ों के मुताबिक दिसंबर 2024 में फास्टैग लेनदेन 6 फीसदी बढ़कर 38.2 करोड़ हो गए, जबकि इसका कुल मूल्य 9 फीसदी बढ़कर 6,642 करोड़ रुपए हो गया।

कई बार टोल ऑपरेटर वाहन का गलत नंबर दर्ज कर देते हैं। जब फास्टैग ठीक से स्कैन नहीं करता तो ऑपरेटर मैन्युअल रूप से एंट्री करता है, जिससे गलत कटौती हो जाती है। स्कैनर में तकनीकी दिक्कत या सिस्टम एरर के कारण भी यह समस्या आती है। गलत टोल कटौती के मामलों पर हाईवे ने सख्ती बरती है। कम से कम 250 मामलों में टोल ऑपरेटरों को दंडित किया है। टोल प्रबंधन इकाई ने 1 लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया। इस सख्ती से 70 फीसदी तक मामलों में कमी आई और अब हर महीने 50 शिकायतें मिल रही हैं।

सरकार ने फास्टैग को लेकर नए नियम लागू किए हैं जिसमें अगर फास्टैग में लो बैलेंस है या भुगतान में देरी होती है, तो अतिरिक्त शुल्क देना होगा। टोल से गुजरने के 10 मिनट बाद तक फास्टैग सक्रिय नहीं रहा, तो लेनदेन अस्वीकार हो जाएगा। टोल पार करने के 15 मिनट बाद भुगतान होने पर अतिरिक्त शुल्क लग सकता है। बैंकों और डिजिटल वॉलेट्स से फास्टैग खरीदा जा सकता है। टोल प्लाजा और पेट्रोल पंप पर भी फास्टैग उपलब्ध होते हैं। इसे समय-समय पर रिचार्ज करना जरूरी है। एनएचएआई की कड़ी निगरानी और सख्त जुर्माने से गलत फास्टैग कटौती के मामले कम हुए हैं, लेकिन अगर आपके साथ यह समस्या हो, तो शिकायत दर्ज कराकर पैसे वापस लिए सकते हैं।

## यूपी विधानसभा के प्रवेश द्वार पर थूका पान मसाला, भड़क गए अध्यक्ष

### कहा– सदन की गरिमा बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने एक अनुशासनहीन की घटना पर नाराजगी जताई है। मंगलवार को विधानसभा की कार्यवाही शुरु होने से पहले विधानसभा मंडप के प्रवेश द्वार पर पान मसाला खाकर थूके जाने की सूचना मिलते ही उन्होंने तत्काल वहां जाकर सफाई करवाई और इस अव्यवस्थित व्यवहार की भर्त्सना की।

इसके बाद सदन को संबोधित करते हुए अध्यक्ष महाना ने कहा कि विधानसभा के प्रति केवल किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इस अनुशासनहीन कृत्य का वीडियो उपलब्ध है, लेकिन किसी सदस्य को सार्वजनिक रूप से अपमानित करना उनका उद्देश्य नहीं है। इसके बावजूद उन्होंने सभी सदस्यों से अपील की कि यदि भविष्य में वे किसी को ऐसा करते देखें, तो उसे वहीं रोकें और विधानसभा की गरिमा बनाए रखने में सहयोग करें।

अध्यक्ष महाना ने कहा कि जिसने यह कार्य किया है, वह खुद आगे आकर स्वीकार करे, अन्यथा उन्हें बुलाना पड़ेगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यूपी विधानसभा प्रदेश के 25 करोड़ नागरिकों का सम्मान और उनकी आस्था का प्रतीक है। इसकी स्वच्छता और मर्यादा बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है। सत्र के 9वें दिन मंगलवार को बजट पर चर्चा हुई। इससे पहले सोमवार को सदन में काफी गहमागहमी हुई थी। सपा के सदस्यों ने विश्वविद्यालयों में कार्य परिषद के चुनाव नहीं कराए जाने और कुलपतियों की नियुक्तियों में पीडीए के प्रतिनिधित्व नहीं दिए जाने के विरोध में सदन से वॉक-आउट कर दिया था। इसके साथ ही विधानसभा में सोमवार को चार विभागों गन्ना, सिंचाई, कृषि और एमएसएमई विभाग का बजट पास हुआ। इसके साथ ही ऊर्जा और नगर विकास विभाग का बजट पेश हुआ।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विभाग के परिव्य को चुकाने और जरूरी खर्चों के लिए 9075 करोड़ 3 लाख 96000 रुपए का प्रस्ताव रखा। जल शक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने 14033 करोड़ 8 लाख 47 हजार 3000 का बजट पेश किया। गन्ना विकास एवं चीनी मिले मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने 769 करोड़ 5 लाख 83 हजार और लघु उद्योग मंत्री राकेश सचान ने 3209 करोड़ 84 लाख 24000 रुपये बजट पेश किया। कटौती प्रस्तावों पर चर्चा के बाद इसे पास किया गया। इसके साथ ही नगर विकास और ऊर्जा विभाग का बजट भी पेश किया गया।


## सड़क दुर्घटना में घायलों को अब मिलेगा डेढ़ लाख रुपए तक का फ्री इलाज

### -केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कैशलेस ट्रीटमेंट योजना शुरु की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सड़क दुर्घटना में घायलों को इसी माह से डेढ़ लाख रुपए तक का फ्री इलाज मिलेगा। यह नियम निजी हॉस्पिटल के लिए भी अनिवार्य होगा। देशभर में इस व्यवस्था को लागू किया जाएगा। एनएचएआई इसके लिए नोडल एजेंसी का काम करेगा।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) अधिकारी के मुताबिक, योजना के लिए मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 162 में पहले ही संशोधन हो चुका है। इस योजना को पूरी तरह से लागू करने से पहले बीते 5 महीनों में पुडुचेरी, असम, हरियाणा और पंजाब सहित छह राज्यों में पायलट प्रोजेक्ट चलाया गया, जो कि सफल साबित हुआ है।

अधिकारी ने बताया कि घायल को



पुलिस या कोई आम नागरिक या संस्था जैसे ही हॉस्पिटल पहुंचाएगी, उसका इलाज तुरंत शुरू होगा। इसके लिए कोई फीस भी जमा नहीं करनी होगी। घायलों के साथ चाहे परिजन हो या नहीं, हॉस्पिटल उसकी देखरेख करेगा। प्राइवेट और सरकारी दोनों ही हॉस्पिटल को कैशलेस इलाज देना होगा।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 14 मार्च 2024 को रोड एक्सीडेंट पीड़ितों को कैशलेस इलाज देने के लिए पायलट प्रोजेक्ट कैशलेस ट्रीटमेंट योजना शुरु की थी। इसके बाद 7 जनवरी 2025 को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने योजना को देशभर में अधिकारी रुप से लांच करने की घोषणा की। इस योजना के तहत देश में कहीं भी सड़क एक्सीडेंट होने पर घायल व्यक्ति को इलाज के लिए केंद्र सरकार की ओर से अधिकतम 1.5 लाख रुपए की मदद दी जाएगी। जिससे घायल शख्स 7 दिनों तक अस्पताल में इलाज करा सकेगा।

डेढ़ लाख तक कैशलेस इलाज होने के बाद उसके भुगतान में नोडल एजेंसी के रूप में एनएचएआई काम करेगा, यानी इलाज के बाद मरीज या उनके परिजन को डेढ़ लाख तक की रकम का भुगतान नहीं करना है। यदि इलाज में डेढ़ लाख से ज्यादा का खर्च आता है, तब बढ़ा बिल मरीज या परिजन को भरना होगा। सूत्रों का कहना है कि कोशिश यह हो रही है कि डेढ़ लाख की राशि को बढ़ाकर 2 लाख रुपए तक किया जा सके।

# अब रिश्वत लेने व देने के ठोस सबूत होने पर ही माना जाएगा भ्रष्टाचार

### -सुप्रीमकोर्ट ने कहा- आरोप लगाकर किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि भ्रष्टाचार तभी माना जाएगा, जब रिश्वत की मांग या लेनदेन के ठोस सबूत मौजूद होंगे। महज शक्ति के दुरुपयोग का आरोप लगाकर किसी अधिकारी को भ्रष्टाचार का दोषी नहीं ठहराया जा सकता। मामला एक फिशिंग ठेकेदार से जुड़ा था, जिसमें एक सरकारी अधिकारी पर बिना टेंडर जारी किए करोड़ों का नुकसान करने का आरोप लगाया था। इसके तहत प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने यह मामला 27 फरवरी को खारिज कर दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अगर कोई अधिकारी सरकारी नीति से भटककर कार्य करता है, तो केवल इस आधार पर यह नहीं माना जा सकता कि उसने रिश्वत ली है। जब तक यह साबित नहीं हो जाता कि रिश्वत की मांग और उसे स्वीकार किया गया था, तब तक भ्रष्टाचार का अनुमान नहीं लगाया जा सकता है। प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट की धारा 20 के मुताबिक यदि कोई पब्लिक सर्वेंट अनुचित लाभ स्वीकार करता है, तो यह माना जाएगा कि उसने किसी कार्य को प्रभावित करने के लिए ऐसा किया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब तक यह साबित न हो कि रिश्वत की मांग की गई और उसे स्वीकार किया गया, तब तक केवल अनुमान के आधार पर उसे दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

इस मामले में अधिकारी पहले हाईकोर्ट गए थे, लेकिन वहां से राहत नहीं मिली। हाईकोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद अधिकारी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जहां कोर्ट ने अवैध लाभ की ठोस मांग और स्वीकार्यता के अभाव में मामले को खारिज कर दिया। कोर्ट के इस फैसले से अथॉरिटी के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार के बीच स्पष्ट अंतर स्थापित हो गया है। अब रिश्वत की मांग और स्वीकार्यता का प्रमाण जरूरी होगा, केवल शक्ति के दुरुपयोग के आधार पर भ्रष्टाचार का मुकदमा नहीं चलाया जा सकेगा। सिर्फ प्रशासनिक गलतियों को भ्रष्टाचार नहीं माना जाएगा। अधिकारियों पर लगाए जाने वाले आरोपों की जांच में अब अधिक सबूतों की जरूरत होगी। सजा केवल तभी मिलेगी जब रिश्वत लेने या देने के पुख्ता सबूत होंगे।



## बहराइच डेढ़ वर्ष से कोतवाली में थे जमे, रिसिया में बने उप निरीक्षक





**ब्यूरो रिपोर्ट दिलशाद अहमद आज का मुद्दा**

**बहराइच,** यूपी के बहराइच पुलिस अधीक्षक ने सोमवार रात को कोतवाली मुर्तिहा और सुजौली थाने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद कोतवाली मुर्तिहा में डेढ़ वर्ष से कोतवाल रहे अमितेंद्र कुमार को एसपी ने हटा दिया है। उनके स्थान पर निरीक्षक राम नरेश को कोतवाल बनाया है। पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने सोमवार शाम को जंगल से सटे कोतवाली मुर्तिहा का निरीक्षण किया। इसके बाद सुजौली थाने का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची। पुलिस अधीक्षक के निरीक्षण करते ही कोतवाल अमितेंद्र कुमार पर गाज गिर गई है। वह लगभग डेढ़ वर्ष से कोतवाली का प्रभार देख रहे थे। एसपी के निरीक्षण करने के जिला मुख्यालय आने पर ही कोतवाल अमितेंद्र को हटाने का आदेश जारी हो गया। उनके स्थान पर साइबर क्राइम पुलिस थाने के निरीक्षक राम नरेश को कोतवाल बनाया गया है। जबकि अमितेंद्र को रिसिया थाने का वरिष्ठ उप निरीक्षक बनाया गया है। मालूम हो कि अमितेंद्र कुमार पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार वर्मा और वृंदा शुक्ला के कार्यकाल में कोतवाली में ही डेरा जमाए रहे।

## बहराइच फोन पर बात करने के बाद बेटे ने फंदा लगाकर दी जान, परिजनों में कोहराम

**ब्यूरो रिपोर्ट दिलशाद अहमद आज का मुद्दा-बहराइच** जिले के नानपारा तहसील के राजस्व निरीक्षक के बेटे ने शहर में स्थित किसान आश्रम के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। साथी छात्रों ने दरवाजा तोड़कर उसे अस्पताल ले गए, लेकिन परीक्षण के डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिले के सुजौली थाना क्षेत्र के बर्दिया गांव निवासी बर्दिया गांव निवासी अमन (25) पुत्र रामपाल चौधरी शहर के कोतवाली देहात क्षेत्र के किसान आश्रम में किराए पर कमरा लेकर पढ़ाई करता था। वह शिक्षक बनने के लिए कोचिंग भी करता था।



सोमवार रात 10 बजे के आसपास अमन किसी से फोन पर बात कर रहा था। इसके बाद कमरे में गया और फंदे से लटक गया। अमन का फोन रिसीव न होने पर उसके साथी छात्र कमरे पर गए। सभी ने दरवाजा खोला तो वह फंदे से लटकता मिला। जिसके बाद साथियों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इस पर परिवार को सूचना दी गई। परिवार के लोग रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। कोतवाली देहात पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मालूम हो कि मृतक के पिता रामपाल चौधरी नानपारा तहसील में राजस्व निरीक्षक के पद पर तैनात हैं। मृतक घर का इकलौता बेटा था।

## जे.सी.बोस विश्वविद्यालय में 'नारी शक्ति को सलाम' श्रृंखला के माध्यम से मनाया जा रहा महिला दिवस सप्ताह

**चंडीगढ़ , 4 मार्च (संजय राय)-** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग द्वारा सराहनीय पहल आरंभ की गई है। मीडिया विभाग द्वारा इसके अंतर्गत 'नारी शक्ति को सलाम' नामक श्रृंखला 8 मार्च तक महिला दिवस सप्ताह के रूप में मनाई जा रही है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि इस महिला दिवस सप्ताह का मुख्य उद्देश्य समाजसेवी, शिक्षाविद, कानूनविद, सेलिब्रिटी, उधमी, गृहिणी, कामकाजी एवं विशेष श्रेणी की लोकप्रिय महिलाओं के विचारों से सभी को अवगत करा कर उनसे प्रेरणा लेकर भविष्य की कार्ययोजना तैयार है।

## कार सवारों ने पार्क के बाहर खड़े युवक को बेल्ट से पीटा

**नोएडा।** कार सवारों ने सेक्टर स्वर्ण नगरी में पार्क के बाहर खड़े युवक को सड़क पर गिराकर बेल्ट से बेरहमी से पीटा। पीड़ित के भाई की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके नाबालिग साथी को अभिरक्षा में लिया गया है। सेक्टर स्वर्ण नगरी में हिमांशु परिवार के साथ रहता है। परिजनों ने बताया कि हिमांशु सोमवार को डेयरी से दूध लेने गया था। वह पार्क के पास अपने दोस्तों के साथ खड़ा था। इसी बीच कार सवार तीन युवक वहां पहुंचे और बिना वजह हिमांशु को पीटना शुरू कर दिया। हिमांशु के साथ बेल्ट से मारपीट की गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में आरोपी हिमांशु को सड़क पर गिराकर बेल्ट से पीटते दिखाई दे रहे हैं। मारपीट के बाद आरोपी पीड़ित को धमकी देकर भाग गए। परिजनों का कहना है कि हिमांशु के एक दोस्त का आरोपियों से रुपये का लेनदेन है। दोस्त के विवाद के चलते हिमांशु के साथ मारपीट की गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए आरोपी मुकुल और अरुण को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि उनके एक नाबालिग साथी को अभिरक्षा में लिया गया है।


**उत्तर रेलवे**

**इ–निविदा (इ–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सीनियर एडीईएन/एनडीएलएस के अधीन एसएसई/पी–वे/एनडीएलएस के खंड में टीआरआर (एस) एनडीएलएस यार्ड लाइनों में 20 किमी (लाइन संख्या 1–ए और 5–ए, 7–ए और 13–ए जिसमें पीएफ 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15 और 16 शामिल हैं। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | ₹ 5,17,28,147.38 (पाँच करोड़ सत्रह लाख अट्ठाईस हजार एक सौ सैंतालीस और अड़तीस पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | ₹ 4,08,700/- (रुपये चार लाख आठ हजार सात सौ मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | Rs. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 26.03.2025 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 29314103 |

• ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। **सं.: 128–W/280/इ–निविदा सूचना/48–2024–25/W-3 दिनांक : 04.03.2025** **694/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**


# हरियाणा प्रदेश के 2025-26 के बजट में शामिल किये जायेंगे मंत्रीगण/विधायकगण के महत्वपूर्ण सुझाव - नायब सिंह सैनी

## आगामी बजट पर महत्वपूर्ण सुझावों के साथ दो दिवसीय "बजट-पूर्व परामर्श" का हुआ समापन

चंडीगढ़, 4 मार्च(संजय राय) - हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में पंचकूला आयोजित दो दिवसीय "बजट-पूर्व परामर्श" बैठक आज संपन्न हो गई। इस कार्यक्रम में सभी मंत्रीगण, विधायकगण और प्रशासनिक सचिव आगामी वित्त वर्ष 2025-26 के बजट के लिए बहुमूल्य जानकारी और सुझाव देने के लिए एक मंच पर एकत्रित हुए। सभी ने एक समावेशी बजट की परिकल्पना को साकार करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए । परामर्श बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री नायब सिंह सैनी, जो वित्त विभाग का कार्यभार भी संभाल रहे हैं, ने मंत्रियों और विधायकों द्वारा हरियाणा प्रदेश और इसके नागरिकों के कल्याण हेतु दिए गए महत्वपूर्ण सुझावों के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी सुझावों पर ध्यानपूर्वक विचार किया जाएगा और हरियाणा के सतत विकास को और गति देने के लिए आगामी राज्य बजट में इन्हे शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य ऐसा बजट पेश करना है जो राज्य के प्रत्येक नागरिक के लिए समृद्धि लाए। मुख्यमंत्री ने विधायकों को अपने सुझाव लिखित रूप में प्रस्तुत करने के लिए भी प्रोत्साहित किया ताकि सभी महत्वपूर्ण सुझावों को सम्माहित कर प्रदेश में हो रहे नॉन स्टॉप विकास को और तीव्र गति प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि हम ऐसा बजट बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो हमारे नागरिकों की जरूरतों और आकांक्षाओं पर खरा उतरे। मुख्यमंत्री नायब सिंह



सैनी ने परामर्श बैठक में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए सभी मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों का धन्यवाद भी व्यक्त किया। परामर्श बैठक के दौरान जिन प्रमुख क्षेत्रों पर प्रकाश डाला गया उनमें मुख्य रूप से सड़क बुनियादी ढांचे में सुधार, खेल सुविधाएं, जलापूर्ति, बिजली, परिवहन, औद्योगिक विकास, सरकारी संपत्तियों का बेहतर उपयोग, प्राकृतिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना, नशे के नेटवर्क का उन्मूलन, नशे के आदी लोगों का पुनर्वास, समूचित सिंचाई जल वितरण, सरकारी विभागों का डिजिटलीकरण, अधिकारियों के लिए आवास सुविधा, साइबर अपराध से निपटना, क्षमता निर्माण और यातायात प्रबंधन आदि शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा पिछले कई दिनों से समाज के विभिन्न हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ कर बजट-पूर्व परामर्श बैठकें आयोजित की ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आगामी बजट हरियाणा के लोगों की आकांक्षा और अपेक्षाओं के अनुरूप हो। इससे पहले, गुरुग्राम में उद्योग और विनिर्माण, हिसार में किसान और कृषि वैज्ञानिक, कुरुक्षेत्र में युवा और स्टार्टअप उद्यमी, पंचकूला में विभिन्न क्षेत्रों की प्रभावशाली व उद्यमी महिलाएं, पानीपत में कपड़ा उद्योग के प्रतिनिधि और फरीदाबाद में विनिर्माण हितधारकों सहित विभिन्न क्षेत्रों के हितधारकों के साथ बजट-पूर्व परामर्श बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। इस वर्ष प्रदेश सरकार ने एक अन्य अभिनव पहल भी शुरू की है, जिसके तहत प्रदेश के प्रबुद्ध नागरिक बजट पर ऑनलाइन सुझाव दे सकते हैं। अभी तक, ऑनलाइन पोर्टल पर जनता से 10,000 से अधिक सुझाव प्राप्त हुए हैं। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण, मंत्रीगण, विधायकगण, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर सहित प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित प्रधान नरूला, उपाध्यक्ष भारद्वाज, सचिव जम्मू व पदाधिकारियों को एडवोकेट वासु शांडिल्य ने दी बधाई

**चंडीगढ़ (संजय राय):** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सरतेज सिंह नरूला, उपाध्यक्ष निलेश भारद्वाज, सेक्रेट्री गगनदीप जम्मू, कोषाध्यक्ष हरविंदर सिंह मान व सीनियर एग्जीक्यूटिव सदस्य ईशान शर्मा, अंकित अग्रवाल, अनित दत्त शर्मा, प्रीतपाल मिगलानी, मोनिका जांगड़ा,विकाल शील वर्मा, मनदीप कुमार धोत,सुनील हुड्डा व एग्जीक्यूटिव बिलो 10 वर्ष पवनदीप सिंह,सिम्मी गुप्ता, कमलदीप कौर, सिमरनजोत मक्कड़, अभिषेक शर्मा, राजवीर सिंह बराड़ को कार्यभार संभालने पर काउंसिल ऑफ लॉयर्स के चेयरमैन एडवोकेट वासु रंजन शांडिल्य ने शुभकामनाएं दीं और सभी पदाधिकारियों को पुष्प गुच्छ एवं मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी । उन्होंने कहा कि नई टीम के नेतृत्व में बार एसोसिएशन और अधिक सशक्त होगी तथा अधिवक्ताओं के हित में प्रभावी कार्य किए जाएंगे। शांडिल्य ने विश्वास जताया कि बार एवं बेंच के बीच समन्वय को मजबूत करने में यह कार्यकारिणी अहम भूमिका निभाएगी। शांडिल्य ने विशेष रूप से युवा वकीलों की समस्याओं पर ध्यान देने की बात करते हुए कहा कि सीटिंग स्पेस की समस्या को हल करना इस कार्यकारिणी की प्राथमिकताओं में शामिल होगा ऐसी उन्हें आशा है । उन्होंने कहा कि नए वकीलों को बार में उचित सुविधाएं मिलनी चाहिए ताकि वे बिना किसी कठिनाई के अपने करियर की शुरूआत कर सकें। इसके साथ ही उन्होंने वकालत पेशे में आने वाली



चुनौतियों और अधिवक्ताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने की जरूरत पर बल दिया। वासु रंजन शांडिल्य ने कहा कि काउंसिल ऑफ लॉयर्स भी अधिवक्ताओं के हितों को संरक्षित करने और न्यायपालिका की गरिमा बनाए रखने के लिए हर संभव सहयोग बार एसोसिएशन को देने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगा ।

## यमुना पूजन के साथ प्रारंभ हुआ अष्ट दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव



(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी) वृन्दावन।चामुंडा मोड़-परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीशेष नारायण मंदिर (आनन्द धाम आश्रम) में अष्ट दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ प्रारंभ हो गया है।सर्वप्रथम संतों व भक्तों के द्वारा श्रीयमुना महारानी का पूजन-अर्चन किया गया।तत्पश्चात कथा स्थल तक गाजे-बाजे के मध्य श्रीमद्भागवतजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।जिसमें सैकड़ों महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर साथ चल रही थीं।

व्यासपीठ पर आसीन श्रीमद्जगद्गुरु विष्णु स्वामी विजयराम देवाचार्य भैयाजी महाराज (बल्लभगढ़ वाले) ने अपनी सुमधुर वाणी के द्वारा समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत के महात्म्य की कथा श्रवण कराते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत मानवीय जीवन के बहुमूल्य सूत्रों और सिद्धांतों की संहिता है।इस ग्रंथ के श्रवण करने से जीवन तो जीवन मृत्यु भी सुख मय बन जाती है।साथ ही इसमें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र के सूत्र और सिद्धांत तथा समाधान निहित हैं।उन्हें समझ कर धारण कर जीवन में उतारने की परम आवश्यकता है। श्रद्धेय भैयाजी महाराज ने कहा कि सद्गुरु का आश्रय लिए बिना प्रभु की भक्ति मिलना संभव नहीं है।जिस प्रकार नदी पार करने के लिए नौका की आवश्यकता होती है,उसी प्रकार भवसागर पार करने के लिए एवं प्रभु भक्ति पाने के लिए हमें सद्गुरु की परम आवश्यकता होती है।इसीलिए हमें अपने जीवन में सद्गुरु अवश्य बनाने चाहिए।जिससे कि हमारा कल्याण हो सके। महोत्सव में पधारे महामंडलेश्वर स्वामी अरुणदास महाराज (हरिद्वार) एवं प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि श्रीशेष नारायण मंदिर (आनन्द धाम आश्रम) के अध्यक्ष श्रीमद्जगद्गुरु विष्णु स्वामी विजयराम देवाचार्य भैयाजी महाराज (बल्लभगढ़ वाले) धर्म व अध्यात्म



की बहुमूल्य निधि हैं।उन्होंने श्रीमद्भागवत, श्रीमद्रामायण एवं अपने उपदेशों के माध्यम से देश-विदेश में प्रभु भक्ति का प्रचार-प्रसार करके असंख्य व्यक्तियों का कल्याण किया है। महोत्सव में कलाधारी बगीची आश्रम के महन्त जयराम दास महाराज, गोरे दाऊजी मंदिर के महन्त प्रहलाद दास महाराज, महन्त रामप्रकाश त्यागी महाराज, महन्त लक्ष्मण दास महाराज, महन्त श्यामदास महाराज, महन्त अभय दास महाराज, महन्त शिवदत्त प्रपन्नाचार्य महाराज, महन्त योगेंद्र दास महाराज (सखी बाबा), महन्त वेदबिहारी दास महाराज, डॉ. राधाकांत शर्मा आदि के अलावा विरक्त वैष्णव परिषद की कार्यकारिणी के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

## बजट सत्र की सुरक्षा चाक-चौबंद



**विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सुरक्षा को लेकर हरियाणा, पंजाब और यूटी चंडीगढ़ के शीर्ष अधिकारियों के साथ की बैठक**

**चंडीगढ़, 4 मार्च** हरियाणा विधान सभा के 7 मार्च से शुरू हो रहे बजट सत्र के मद्देनजर विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने मंगलवार को सुरक्षा संबंधी बैठक बुलाई। इस बैठक में उन्होंने सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने के लिए हरियाणा, पंजाब और यूटी चंडीगढ़ के शीर्ष अधिकारियों से ब्योरे पर चर्चा की। कल्याण ने इन अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए।

बैठक में तय हुआ कि विधान सभा के बजट सत्र के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सुरक्षा प्रबंध पुख्ता किए जाएंगे। इसके लिए उन्होंने हरियाणा, पंजाब और यूटी चंडीगढ़ पुलिस के अधिकारियों की समन्वय कमेटी बनाने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से सत्रावधि के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी। किसी भी मामले में कार्रवाई के लिए चंडीगढ़ पुलिस भी मौके पर मौजूद रह

## वर्ष 2025-26 के लिए आगामी राज्य बजट होगा विकासोन्मुखी : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**पंचकूला , 5 मार्च -( शशि किरण अरोड़ा) - आज का मुद्दा--** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्ष 2025-26 के लिए आगामी राज्य बजट विकासोन्मुखी होगा, जिसमें कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, बुनियादी ढांचे और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि बजट राज्य की प्रगति के लिए एक मजबूत आधारशिला रखेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के विजन को साकार करने में अहम योगदान देगा। नायब सिंह सैनी पंचकूला में विभिन्न विभागों के प्रशासनिक सचिवों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र 7 मार्च, 2025 से आरम्भ होना है। बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर और मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी भी मौजूद रहे।

**बजट प्रक्रिया में प्रशासनिक सचिवों की भूमिका है महत्वपूर्ण**

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रशासनिक सचिवों से राज्य बजट के लिए सुझाव आमंत्रित किए। उन्होंने कहा कि बजट प्रक्रिया में प्रशासनिक सचिवों की अहम भूमिका होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी बजट में समाज के सभी वर्गों के कल्याण पर केंद्रित कई नई पहल की जाएंगी।

**सरकार ने शासन व्यवस्था में किए कई क्रांतिकारी बदलाव**

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार विभिन्न सुधारों के माध्यम से लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले दस वर्षों में शासन व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव किए है, जो एक दशक से अधिक समय में सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन है। परिणामस्वरूप, नागरिक को बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं है और वह घर बैठे आराम से विभिन्न



कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर लोगों को घर बैठे वृद्धावस्था भत्ता मिलना आरम्भ हो जाता है, जिससे वरिष्ठ नागरिकों को बड़ा लाभ मिल रहा है।

सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों और कॉलेजों में ई-लाइब्रेरी खोलने की योजना बना रही है, जिससे युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे

नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर विशेष जोर दिया है और इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। छात्र-शिक्षक अनुपात सुनिश्चित करने के अलावा, सरकारी स्कूलों में बुनियादी ढांचे को और मजबूत किया गया है। लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 20 किलोमीटर के दायरे में नए कॉलेज स्थापित किए गए हैं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि बेटियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूर नहीं जाना पड़े। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित स्कूलों और कॉलेजों में ई-लाइब्रेरी खोलने की योजना बना रही है, जिससे युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे।

## "ऊर्जा विभाग में इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने के लिए उनके द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं" : ऊर्जा मंत्री अनिल विज

**पंचकूला, 5 मार्च -( शशि किरण अरोड़ा) - आज का मुद्दा--**हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि "ऊर्जा विभाग में इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने के लिए उनके द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं और इसी कड़ी में यमुनानगर में 800 मेगावाट का नया बिजली संयंत्र स्थापित किया जा रहा हैं और इसके लिए स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इसी प्रकार से बिजली की पुरानी तारों/कम लोड वाली तारों को भी बदला जाएगा"। इसके अलावा, विज ने बताया कि "पुरानी बसों को बदलने के साथ-साथ बस अड्डों की हालत में भी सुधार कर आधुनिक रूप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि हर जिले में ड्राइविंग स्कूल स्थापित होंगे और प्रत्येक जिले में ऑटोमेटिक वॉशिंग मशीन सिस्टम और ऑटोमेटिक सिस्टम फॉर चेकिंग व्हीकल फिटनेस स्थापित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं"। ऐसे ही, प्रत्येक जिले में श्रमिकों के लिए एयर कंडीशन अस्पताल स्थापित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए हैं ताकि श्रमिकों को भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके।

विज पंचकूला में प्री बजट परामर्श बैठक के उपरांत पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे। श्री विज ने बताया कि 800 मेगावाट परियोजना को लगातार संचालित करने के लिए मैंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि फंड्स हमेशा उपलब्ध रहे ताकि यह परियोजना लगातार चलती रहे।

**पुराने ट्रांसफार्मर को बदलने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश - विज**

उन्होंने बताया कि इसी प्रकार से राज्य में जितने भी पुराने ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं उनको बदलने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं क्योंकि कम पावर के ट्रांसफार्मर बार - बार खराब होते हैं और इससे बिजली बाधित होती है। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा लेकिन यह कार्य होना चाहिए। ऐसे ही, उनके द्वारा अधिकारियों को बिजली की तारों को बदलने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं क्योंकि अब लगातार लोगों के घरों में लोड बढ़ रहा है जबकि पुरानी तारों की लोड लेने की कैपेसिटी कम है और जहां भी तारों की लोड लेने की कैपेसिटी कम है, उन तारों को बदला जाएगा।

**पुरानी बसों को बदलने और बस अड्डों की हालत में सुधार के निर्देश - विज**

राज्य के परिवहन मंत्री विज ने बताया कि इसी प्रकार से रोडवेज में जो पुरानी बसे हैं और जो एनसीआर में से वापिस मंगवाई गई है वह काफी पुरानी हो चुकी है और ऐसी पुरानी बसों को बदला जाएगा। इसी तरह से कई स्थानों पर बस अड्डों की हालत ठीक नहीं है, उन्हें




भी ठीक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विशेषरूप से गुरुग्राम का बस स्टैंड, जोकि मिलेनियम सिटी है, एक मैदान की तरह है और वहां से बसें चलाई जा रही हैं, वहां पर केवल शेड लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों वे गुरुग्राम के बस अड्डे का निरीक्षण करके आए थे।

**हर जिले में ड्राइविंग स्कूल स्थापित होंगे - विज**

परिवहन मंत्री ने बताया कि हर जिले में ड्राइविंग स्कूल स्थापित करने के लिए उनके द्वारा निर्देश दिए गए हैं ताकि लोगों विशेषकर युवाओं को वाहन चलाने के सभी नियम और तकनीक समझ में आ सके। इससे एक जागरूक और नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकेगी।

**प्रत्येक जिले में ऑटोमेटिक वॉशिंग मशीन सिस्टम और ऑटोमेटिक सिस्टम फॉर चेकिंग व्हीकल फिटनेस स्थापित करने के निर्देश - विज**

इसी प्रकार से प्रत्येक जिले में ऑटोमेटिक वॉशिंग मशीन सिस्टम लगाने के भी निर्देश अधिकारियों को उनके द्वारा दिए गए हैं ताकि वाहनों की साफ सफाई जल्द सुगम तरीके से हो सके। ऐसे ही, राज्य के प्रत्येक जिले में ऑटोमेटिक सिस्टम फॉर चेकिंग व्हीकल फिटनेस का भी प्रावधान स्थापित करने का निर्देश अधिकारियों को परिवहन मंत्री द्वारा दिया गया है जिस पर जल्द ही कार्य आरंभ किया जाएगा।

**हर जिले में मजदूरों की संख्या के अनुसार एयर कंडीशन अस्पताल स्थापित करने का सुझाव - विज**

उन्होंने बताया कि ईएसआई विभाग में खाली पीएचसी बनी हुई है और पीएचसी से मजदूरों को फायदा नहीं हो रहा है केवल वह रेफर करते है। इसलिए उनके द्वारा सुझाव दिया गया है कि हर जिले में मजदूरों की संख्या के अनुसार उतने बेड का हमें अस्पताल बनाना चाहिए ताकि मजदूरों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके। इसी प्रकार, श्रम मंत्री ने बताया कि हर जिले में श्रमिकों के लिए एयरकंडीशन अस्पताल स्थापित करने का सुझाव भी उनके द्वारा अधिकारियों को दिया गया है ताकि श्रमिकों को भी बेहतर सुविधाए भी दी जा सके।

# स्वाद,हस्तकला और संस्कृति का महासेगम बना सरस आजीविका मेला





**आज का मुद्दा-नोएडा।** मंगलवार को सरस मेले के 12वें दिन यहां एसएचजी के उत्पादों के लिए निर्यात कवनियमन और अनुपालन विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला को इंटरनेशनल ट्रेड कंसलटेंट मानस चुग ने संबोधित किया। उन्होंने बताया कि निःसंदेह देशभर से यहां आई सभी दीदियों के हस्तनिर्मित उत्पाद बेमिसाल हैं। आज इन्हें ऐसे प्लेटफॉर्म की आवश्यकता है, जहां से ये अपने उत्पादों के लिए निर्यात विनियमन और अनुपालन की उचित जानकारी अर्जित कर सकें। इसके संबंध में उन्होंने दीदियों को विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर यहां राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) के सहायक निदेशक चिरंजीलाल कटारिया, शोध अधिकारी सुधीर कुमार सिंह तथा सुरेश पंसाद के सहित केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं एनआईआरडीपीआर के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) के समर्थन से आयोजित सरस आजीविका मेला-2025 का आयोजन सेक्टर- 33ए स्थित नोएडा हाट में किया जा रहा है। 21 फरवरी से 10 मार्च 2025 तक के आयोजन में देशभर के 31 राज्यों से महिला उद्यमी अपनी हस्तकला का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। उक्त मेले में जहां एक ओर हैंडीक्राफ्ट एवं हैंडलूम के उत्पाद धूम मचा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर देश के पहाड़ी राज्यों के उत्पाद भी लोगों को खासे भा रहे हैं। मंगलवार को सरस मेले के 12वें दिन भी लोगों की खासी भीड़ रही तथा जमकर खरीदारी भी की। सरस आजीविका मेला वास्तव में स्वाद, हस्तकला और संस्कृति का महासेगम बना है। जहां पूरे भारत की संस्कृति की झलक देखने को मिल रही है। मेले में उत्तराखंड की जय मां काली एसएचजी के बैग एवं पर्स के साथ ही हिमाचल एवं झारखंड के अचार की लोगों ने जमकर खरीदारी की। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर के आफताब एसएचजी के सूट, कश्मीरी शॉल तथा साड़ी महिलाओं की पहली पसंद बने। वहीं हिमाचल प्रदेश के जेकेट्स तथा साड़ी-सूट की भी जमकर खरीदारी हुई। सेक्टर-33ए स्थित नोएडा हाट में आयोजित सरस आजीविका मेला-2025 में दिनोंदिन खरीदारों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। मंगलवार को जहां एक ओर मेले के 12वें दिन लोगों ने खसकर महिलाओं एवं युवतियों ने मेले में जमकर खरीदारी की। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) के समर्थन से आयोजित इस मेले में ग्रामीण भारत की शिल्प कलाओं का मुख्य रूप से प्रदर्शन किया जा रहा है। मेले में मंगलवार को जमकर खरीदारी हुई। इंडिया फूडकोर्ट में भी लोगों की खासी चहल-पहल रही। फूडकोर्ट के सब कॉर्डिनेटर विष्णु जीके ने बताया कि इंडिया फूडकोट में देश के सभी राज्यों के स्वादिष्ट एवं प्रचलित व्यंजन उपलब्ध हैं, जिनका लोगों को भरपूर जायका मिल रहा है। एक छत के नीचे पूरे देश के व्यंजनों का स्वाद ही इंडिया फूडकोट की पहचान है। मंगलवार को सरस मेले के 12वें दिन यहां न सिर्फ खासी भीड़ रही, बल्कि लोगों ने जमकर खरीदारी भी की।मनोरंजन के क्षेत्र में भी सरस मेला खासी ख्याति अर्जित कर रहा है। 12वें दिन मंगलवार को यहां ओडिशा के बीना बंसल ग्रुप के कलाकारों ने ओडिशी नृत्य के माध्यम से न सिर्फ समां बांधा बल्कि लोगों का दिल जीत लिया।

## गौतमबुद्ध नगर के तीन खिलाड़ियों का प्रदेश स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए चयन



**आज का मुद्दा-नोएडा।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आवासीय बॉक्सिंग छात्रावास के चयन हेतु मंडल ट्रायल में गौतम बुद्ध नगर के तीन खिलाड़ियों का चयन प्रदेश स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के किया गया।यह प्रतियोगिता पांच से छ मार्च तक मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स स्टेडियम झांसी में आयोजित होगी।चयनित खिलाड़ी गगन भाटी, अंश मदेशिया और किशन कुमार मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम गौतम बुद्ध नगर में बॉक्सिंग कोच ज्योति न्रगर से प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं।तीनों मुक्केबाज के खिलाड़ियों के चयन होने पर स्पोर्ट्स ऑफिसर लक्ष्यराज त्यागी,डिप्टी स्पोर्ट्स ऑफिसर अनीता नागर, अंशकालिक जूडो कोच परवेज अली, नेटबॉल कोच आदि खेल प्रेमियों ने हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# क्रिकेट के फाइनल मे आईएएस गांव टीम रही विजयी,सिल्वर कप को प्रभात नमकीन ने जीता



**आज का मुद्दा-नोएडा।** द अशोका स्पोर्ट्स ट्रस्ट ने द्वारा बैटल एरीना राहुल यादव क्रिकेट ग्राउंड में क्रिकेट स्पोर्ट्स लीग का फाइनल मैच आयोजित किया गया ' जिसमें 2 रोमांचक क्रिकेट फाइनल मैच गोल्ड कप और सिल्वर कप हुआ ' गोल्ड कप में आईएएस गांव की टीम ने पायल डायबिटिक केयर सेंटर फरीदाबाद सेवियर्स टीम पर 9 विकेट से जीत दर्ज की ' इस रोमांचक मुकाबले में अच्छे प्रदर्शन के लिए दीपक गुप्ता को मैन ऑफ द मैच, आशीष शाक्य को परफार्मर ऑफ द मैच, निशांत प्रजापति को फाइटर ऑफ द मैच और संजय शर्मा जोंटी ऑफ द मैच रहे ' वही सिल्वर कप में प्रभात नमकीन की टीम ने वीबी इंटीरियर्स की टीम को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया और बहुत ही रोचक मैच में 7 विकेट से विजयी हुई । जिसमे नकुल मौर्य को मैन ऑफ द मैच, आकाश सिंह को परफार्मर ऑफ द मैच, हेमंत राणा को फाइटर ऑफ द मैच और बॉबी राजपूत को जोंटी ऑफ द मैच चुना गया ' इस फाइनल मैच के मुख्य अतिथि कुश कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश नारायण सिंह कुशवाह और अतिथि शिव शरण कुशवाहा , लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा , प्रकृति फाउंडेशन के संस्थापक दिनेश कुशवाहा , प्रवतारोही पवन सैनी, दिग्विजय प्रियदर्शी , भुवनेश्वर कुशवाहा , कविता भगत , दशरथ प्रसाद , राजेंद्र कुशवाहा, ब्यूरो एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रफुल्ल पांडेय तथा हदयानंद भगत की मौजूदगी ने इसे और भी शानदार बना दिया। राकेश भगत की अगुवाई में फाइनल मैच का उद्घाटन और समापन का मैनेजमेन्ट बेहतरीन तरीके से सम्पन्न हुआ । माता राम रती देवी मंदिर कृषक प्रयोगशाला के संस्थापक एवं समाजसेवी राजेंद्र सिंह कुशवाहा को मुख्य अतिथि द्वारा गोल्फ गुरु लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया । प्रेसिडेंट भुवनेश्वर कुशवाहा ने सभी अतिथियो और स्पॉन्सर्स का धन्यवाद किया और इस मौके पर सभी समाज सेवियो को टू हीरोज अवॉर्ड्स से नवाजा गया ।

# नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के छात्रों ने बनाया इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नया रिकॉर्ड




**आज का मुद्दा-नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी (NIU) के स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स एंड डिजाइन के 73 छात्रों ने महाकुंभ, प्रयागराज में आयोजित शिवा फेस्ट में 108 मिनट में भगवान शिव के 108 रूपों को चित्रित कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। इस अनोखी कला प्रस्तुति को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। यह रिकॉर्ड संस्कृति मंत्रालय और ललित कला अकादमी के सहयोग से बना, जो विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है।

**महाकुंभ में कला और आस्था का संगम**

महाकुंभ, दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन जिसमें करोड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया।इस भव्य आयोजन में नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के छात्रों ने अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन कर भगवान शिव के प्रति अपनी भक्ति और समर्पण दिखाया। नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स एंड डिजाइन के डीन डॉ. निहार दास ने कहा कि हम अपने छात्रों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं। उन्होंने अपनी कला प्रतिभा के माध्यम से विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है।हम हमेशा अपने छात्रों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित करते हैं।

**भारतीय कला और संस्कृति को नई ऊंचाई**

नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के छात्रों की यह उपलब्धि उनकी कलात्मक प्रतिभा को दशार्ने के साथ-साथ भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत से उनके गहरे जुड़ाव को भी उजागर करती है।विश्वविद्यालय छात्रों को ऐसे मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां वे अपनी कला को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिला सकें।

नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने महाकुंभ के पावन अवसर को और भी यादगार बना दिया है।

## हॉस्पिटैलिटी प्रोफेशनल्स को नया अवसर

### बीसीसीएम की 'ला पिनोज पिज्जा' संग साझेदारी



**आज का मुद्दा-ग्रेटर नोएडा।** ब्रिटिश कोलंबिया कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड स्किल स्कूल ने ला पिनोज पिज्जा के साथ साझेदारी की है। इस समझौते पर मंगलवार को चंडीगढ़ में हस्ताक्षर किए गए। गौरतलब है कि ला पिनोज पिज्जा भारत की सबसे तेजी से बढ़ती पिज्जा चेन में से एक है। इस साझेदारी का उद्देश्य हॉस्पिटैलिटी और फूड सर्विस इंडस्ट्री के लिए कुशल प्रोफेशनल्स तैयार करना है। इससे न केवल ला पिनोज पिज्जा को देशभर में सक्षम और प्रशिक्षित स्टाफ मिलेगा बल्कि रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। बीसीसीएम (BCCM) के सीईओ दीपक झा ने इस साझेदारी को युवाओं के लिए बड़ा अवसर बताया। उन्होंने कहा कि यह कोलैबोरेशन छात्रों को न केवल नौकरी दिलाने में मदद करेगा, बल्कि उन्हें एंटरप्रिन्योरशिप, ओवरसीज जॉब्स, हॉस्पिटैलिटी, क्रूज लाइन्स और रिटेल इंडस्ट्री में करियर बनाने का भी अवसर देगा। विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत छात्रों को हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री के आवश्यक कौशल सिखाए जाएंगे। जिनमें कस्टमर सर्विस, फूड हैंडलिंग, हाइजीन प्रोटोकॉल, किचन ऑपरेशंस, स्टाफ मैनेजमेंट और बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन शामिल है। यह प्रशिक्षण छात्रों को तेजी से बढ़ते रेस्टोरेंट सेक्टर में रोजगार के लिए पूरी तरह से तैयार करेगा। इस कार्यक्रम से छात्रों को रियल-वर्ल्ड का भी अनुभव मिलेगा। वे सीधे जॉब प्लेसमेंट के लिए तैयार होंगे। ला पिनोज पिज्जा के सीईओ प्रदीप पिल्लई ने कहा कि हमारी कंपनी तेजी से आगे बढ़ रही है। हमें कुशल प्रोफेशनल्स की जरूरत है। यह साझेदारी हमें ऐसे टैलेंटेड और प्रशिक्षित कर्मचारी देने में मदद करेगी, जो हमारी सर्विस क्वालिटी को और बेहतर बनाएगी। वहीं ला पिनोज पिज्जा की संस्थापक और सीएमडी सनम कपूर और ईशा कपूर ने कहा कि यह साझेदारी ऐकडेमिक के बीच एक मजबूत पुल का काम करेगी। जिससे छात्रों को ट्रेनिंग और बेहतर रोजगार के अवसर मिलेंगे। बता दें कि ला पिनोज पिज्जा वर्तमान में भारत में 800 आउटलेट्स चला रहा है। 2025 तक यह संख्या 1,000 से अधिक हो जाएगी। प्रदीप पिल्लई के अनुसार 2025 में लगभग 3,000 नए प्रोफेशनल्स की जरूरत होगी। जिसका मतलब है हर महीने 150 से 250 नए कर्मचारी। गौरतलब है कि बीसीसीएम (BCCM) लंबे समय से हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के लिए नवाचार-संचालित शिक्षा प्रणाली पर काम कर रहा है। कॉलेज में छात्रों को उद्योग-अनुकूल शिक्षा प्रदान की जाती है। जिसमें उन्हें क्लासरूम लर्निंग के साथ-साथ हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग भी दी जाती है

## अधिकारियों के सामने ग्रामीणों ने रखीं समस्याएं




**आज का मुद्दा**

--------------------

**नोएडा।** सौहरखा गांव की मूलभूत समस्याओं को लेकर मंगलवार को नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक के.वी. सिंह ने सौहरखा जनहित संघर्ष समिति के तत्वावधान में गांव का निरीक्षण किया।इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पानी निकासी नहीं होने के कारण, लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गली में जमा गंदे पानी की निकासी न होने से समस्या और अधिक बढ़ी है।बच्चों को स्कूल जाने के लिए गंदे पानी से होकर रोजाना गुजरना पड़ता है।इस पर अधिकारियों ने शीघ्र समस्या के निस्तारण का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्राधिकरण वृक सर्किल 6 के प्रबंधक आदित्य चौहान,जैई निखिल मित्तल,विनित शर्मा, रवि यादव,दिपक यादव, रोहित यादव,अलबेल यादव,कमल यादव,विनेश यादव,मनीष चौहान समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# पार्किंसन से पीड़ित मरीज के लिए हमदर्द बना नोएडा का मैक्स अस्पताल



**आज का मुद्दा-नोएडा।**14 सालों से पार्किंसन बीमारी से जूझ रहे 51 वर्षीय मरीज को ठीक कर मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल (नोएडा) के डॉक्टरों ने एक और उपलब्धि अपने नाम कर ली है।बता दे कि कजाकिस्तान के 51 वर्षीय मरीज पिछले 14 साल से

पार्किसन बीमारी से जूझ रहा था।मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल (नोएडा) के सम्पर्क में आने के बाद यहाँ के डॉक्टरों की टीम ने डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) प्रक्रिया से मरीज का इलाज किया जिसके बाद मरीज ने मोबिलिटी पाई और उनके जीवन में सुधार आया।आपको बताते चले कि ये मरीज लंबे समय से दवाएं ले रहा था, इसके बावजूद गंभीर ट्रेमर, अकड़न और चलने-फिरने में दिक्कत के साथ उन्हें अपने रुटीन के कामों में भी परेशानी हो रही थी।अपनी लगातार बिगड़ती हालात के बीच मरीज मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल नोएडा पहुंचा।मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल नोएडा में न्यूरोलॉजी के डायरेक्टर डॉक्टर के.एम. हसन और मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल नोएडा में न्यूरोसर्जरी के सीनियर कंसल्टेंट डॉक्टर रोहित पांडे के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक टीम ने डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) के लिए मरीज का मूल्यांकन किया। ये एक मिनिमली इनवेसिव प्रक्रिया है।डीबीएस एक न्यूरो मॉड्यूलेशन प्रक्रिया है जिसमें असामान्य ब्रेन सिग्नल को कंट्रोल करने के लिए विभिन्न मस्तिष्क नाभिक में बहुत महीन इलेक्ट्रोड इम्प्लांट किया जाता है. अलग-अलग सिग्नल में पार्किंसंस रोग/डिस्टोनिया/आवश्यक ट्रेमर और मेडिकेशन रिफ्रेक्टरी ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसऑर्डर शामिल हैं।इस मामले के बारे में बताते हुए डॉक्टर के.एम. हसन ने कहा कि मरीज 14 वर्षों से पार्किंसंस रोग से पीड़ित था और समाधान की तलाश में हमारे पास आया था। मरीज को ट्रेमर, मार्क्ड मोटर उतार-चढ़ाव और डिस्केनेसिया की समस्या थी जो दवाओं से कंट्रोल नहीं हो रही थी। मरीज का वर्षों से दवाओं से इलाज हो रहा था लेकिन बीमारी बढ़ने के कारण दवाएं असर नहीं कर रही थीं।हमने डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) प्रक्रिया के लिए मरीज की जांच-पड़ताल की। मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल नोएडा में न्यूरोसर्जरी के सीनियर कंसल्टेंट डॉक्टर रोहित पांडे ने कहा कि जब हमने प्रक्रिया शुरू की, तो रोगी जो प्रक्रिया के दौरान जागा हुआ था, उसे हाथ और पैर के कंपन में तुरंत राहत महसूस होने लगी, साथ ही सर्जरी के दौरान ऑर्गन की कठोरता में काफी कमी आयी। ऑपरेशन के बाद मरीज के ट्रेमर में कमी आई, चलना-फिरना ठीक हो गया और रुटीन कामकाज में भी सुधार होने लगा।इसके अतिरिक्त एंटी-पार्किंसंस दवाओं की आवश्यकता काफी कम हो गई, जिससे उनके जीवन की समग्र गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ. डीप ब्रेन स्टिमुलेशन पार्किंसंस के मरीजों के लिए एक जीवन बदलने वाली प्रक्रिया है, जो मेडिकल ट्रीटमेंट से थक चुके हैं और उन्हें अधिक स्वतंत्र जीवन जीने का मौका देते हैं।यह नैदानिक/शारीरिक निगरानी और छवि मार्गदर्शन के तहत की जाने वाली बेहद सुरक्षित प्रक्रिया है. कजाकिस्तान के इस मरीज का सफल इलाज जटिल न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर के इलाज में अस्पताल की विशेषज्ञता और पार्किंसंस रोग के लिए एक अग्रणी सेंटर के रूप में इसकी भूमिका को दशार्ता है।

## पुलिस ने जमीन के फजीर्वाड़े का पदार्फाश किया, 3 गिरफ्तार



**आज का मुद्दा-ग्रेटर नोएडा।** नोएडा। थाना बिसरख पुलिस ने एक बड़े जमीन के फजीर्वाड़े का पदार्फाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी फर्जी कागजात तैयार कर जमीन को फर्जी तरीके से बेचने की साजिश रच रहे थे। पुलिस ने इनके कब्जे से फर्जी कागजात, आधार कार्ड, पैन कार्ड, किसान बही, खसरा, खतौनी की फर्जी कॉपी बरामद की है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपियों ने ग्राम शाहबेरी के खसरा नंबर 168 में 2.009 हेक्टेयर जमीन को फर्जी तरीके से बेचने की साजिश रची थी। यह जमीन मुजाहिद हुसैन पुत्र स्व. जाहिद हुसैन खां निवासी शाहबेरी की थी, जो वर्तमान में नगर पंचायत डासना के चेयरमैन हैं। आरोपियों ने फर्जी मुजाहिद हुसैन खां के नाम से फोटो लगाकर, पैन कार्ड, आधार कार्ड, किसान वही, खसरा और खतौनी तैयार कराए थे। इसके बाद, वे इस जमीन को करीब 95 करोड़ रुपये में बेचने की कोशिश कर रहे थे। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। जांच में आरोप सही पाए गए, जिसके बाद पुलिस ने मंगलवार को आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान, राकेश कुमार पुत्र हरीराम, सिराजूद्दीन पुत्र सद्दीक और महेंद्र कुमार पुत्र किद्वा सिंह के रूप में हुई है। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी फर्जी कागजात तैयार कर जमीन बेचने का काम करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वे पहले भी इस तरह के फजीर्वाड़े में शामिल रहे हैं। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने इस जमीन को 95 करोड़ रुपये में बेचने का सौदा किया था।

आरोपियों से बरामदगी

पुलिस ने इनके कब्जे से एक आधार कार्ड और पैन कार्ड की छाया प्रति (फर्जी), एक पैन कार्ड (फर्जी), एक किसान वहीं की फोटो कॉपी (फर्जी), एक खसरा की कॉपी (फर्जी), एक खतौनी की कॉपी (फर्जी) और 2 स्मार्ट मोबाइल फोन, 1 कीपैड मोबाइल व घटना में प्रयुक्त होंडा अमेज कार बरामद की है। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और इनको जेल भेज दिया है।

# जिम्स रोहिणी में दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव का आयोजन




**आज का मुद्दा-दिल्ली।** जिम्स रोहिणी में दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया, जो संस्कृति, प्रतिभा और रचनात्मकता का एक भव्य उत्सव रहा। महोत्सव के मुख्य आकर्षणों में से एक "अमेजिंग स्टार नाइट" रही, जिसमें सेंसेशनल आर्टिस्ट पैराडॉक्स ने अपनी दमदार प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।वहीं, डीजे तेजस द्वारा प्रस्तुत धमाकेदार डीजे नाइट ने उत्साह को चरम पर पहुँचा दिया और कार्यक्रम को शानदार समापन दिया।यह महोत्सव छात्रों, शिक्षकों और सम्मानित अतिथियों को एक मंच पर लाया, जहाँ संगीत, नृत्य, साहित्य और कला से जुड़े विभिन्न प्रतियोगिताओं और प्रस्तुतियों ने इसे एक अविस्मरणीय अनुभव बना दिया।रचनात्मकता और प्रतियोगिताओं का अनूठा संगम इस आयोजन में नुक्कड़ नाटक, फिल्म निर्माण, साइकिक फिएस्टा, वाद-विवाद प्रतियोगिता, बिजनेस प्लानिंग, मॉडलिंग शो और कोडिंग मेनिया जैसी रोमांचक गतिविधियों ने छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने, अपने कौशल को निखारने और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा में भाग लेने का अवसर दिया। हर प्रतियोगिता में छात्रों की उत्साही भागीदारी, नवीन विचारों और अद्भुत कलात्मक व बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन देखने को मिला, जिससे श्एफ्श्ए 2‘25 छात्र उत्कृष्टता का प्रतीक बन गया। महोत्सव पर वैर्वे टीम ने कार्यक्रम के बारे में बात करते हुए बताया कि हमारा वार्षिक महोत्सव हमारे छात्रों के जुनून, समर्पण और रचनात्मकता का प्रमाण है। इस वर्ष, हमने हर क्षेत्र में असाधारण प्रतिभा देखी और प्रतिभागियों व दर्शकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया ने इस आयोजन को शानदार सफलता दिलाई। इन दो दिनों में दिखाई गई ऊर्जा, उत्साह और सहयोग की भावना हमारी वैश्विक विकास और कलात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

**नेतृत्व, टीमवर्क और नवाचार को बढ़ावा**

महोत्सव का समापन एक सकारात्मक और प्रेरणादायक नोट पर हुआ, जिससे छात्रों और आगंतुकों को अनमोल यादें और उपलब्धि की भावना मिली। श्एफ्श्ए 2ङ25 सिर्फ मनोरंजन का मंच नहीं था, बल्कि इसने छात्रों में नेतृत्व, टीमवर्क और नवाचार को भी विकसित किया।

हर साल की तरह, इस बार भी यह महोत्सव नई ऊंचाइयों पर पहुंचा और जिम्स रोहिणी आने वाले वर्षों में भी युवा प्रतिभाओं को अपने हुनर को तलाशने, विविधता का उत्सव मनाने और रचनात्मकता की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।


**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना – ई–टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली)

| निविदा सूचना संख्या | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा जमा करने व खुलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 32-W-BR-262-UMB DATE 04.03.2025 | अम्बाला डिवीजन के अंबाला–चंडीगढ़ खंड के पुल संख्या 262 DN (14x30.50m KM - 323/12-323/40 पर साइड पाथवे के प्रावधान का कार्य। | ₹ 12350459.17 | ₹ 211800/- | 06 (छह) महीने | दिनांक 29.03.2025 को 14:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 14:00 बजे के पश्चात् |

**नोट** : उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है जहां से विवरण निविदा व्याख्या को देख व् डाउनलोड किया जा सकता है। **698/25**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ